हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 28 दिसंबर 2023
[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया ]

तापमान
अधिकतम 28.6 डिग्री
न्यूनतम 13.6 डिग्री


वेतन सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सिम्स के सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी।

25000/- डाउन पेमेंट धमाका
लोकेश आटो
शानदार 20 वर्ष से भरोसेमंद
श्री वैस के सामने, इंडस्ट्रियल स्टेट, तिफरा, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9827155032, 9039140362, 9926806244

## अमृत मिशन योजना पानी घंटों बहता रहा

# टेस्टिंग में ही पानी का दबाव झेल नहीं पाया पाइप, पुराने पुल के पास का हिस्सा धंसा

अमृत मिशन योजना के तहत शहर में पानी सप्लाई के लिए बुधवार को हो रही थी टेस्टिंग

बिरकोना स्थित ट्रीटमेंट प्लांट से छोड़ा गया था पानी, लीकेज पर ध्यान नहीं देने से दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अमृत मिशन योजना के तहत शहर में पानी सप्लाई की कोशिशों के बड़ा झटका लगा है। बुधवार को बिरकोना ट्रीटमेंट प्लांट से टेस्टिंग के लिए 1100 एमएम मोटे पाइप में पानी छोड़ा गया तो उसमें लीकेज हो गया। पुराने अरपा पुल के पास लगे इस पाइप के ज्वाइंट में पहले से ही लीकेज था जो कि और बड़ा हो गया और पुराना पुल के सामने का हिस्सा धंसक गया। मेट्रो स्टूडियो के तरफ हुई इस दुर्घटना के कारण लाखों लीटर पानी 4 घंटे से अधिक समय तक बरबाद होता रहा तो उसी दौरान एक बड़ा ट्रक जिसमें गिट्टी लोड था, उसमें जाकर फंस गया। इससे पुल के सामने का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बाद में निगम अमला मौके पर पहुंचा। पानी सप्लाई बंद कराने के साथ ही लीकेज को देर रात तक ठीक किया जाता रहा है जो कि अधूरा रहा। गुरुवार की सुबह फिर से मरम्मत कार्य किया जाएगा। निगम ने मौके पर बेरिकेटिंग कराते हुए फंसे हुए ट्रक को निकाल लिया है। दुर्घटना के कारण क्षेत्र में बार-बार जाम लगता रहा।

अमृत मिशन योजना 301 करोड़ रुपए की है। इसके तहत 56 हजार से अधिक घरों में खूंटाघाट से पाइप लाइन के जरिए पानी लाने और बिरकोना में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में फिल्टर करने के बाद पानी को पानी की टंकियों के माध्यम से अरपा पार और शहर क्षेत्र में रहने वालों को सप्लाई करना था। निगम की टीम ने पहले चरण में पिछले महीने सरकंडा के 7 हजार घरों में पानी सप्लाई की टेस्टिंग की थी जो कि सफल रही थी। इसके बाद अरपा पार के 49 हजार से अधिक घरों में पानी सप्लाई की टेस्टिंग और कमीशनिंग की जा रही है।


अमृत मिशन का पाइप फूटने से पुराने अरपा पुल का मुहाना धंस गया और पानी का फौव्वारा फूट पड़ा। इस दौरान एक गिट्टी भरा ट्रक भी इसमें फंस गया ।


ट्रक को हटाने के बाद पुल के मुहाने पर बड़ा सा गड्ढा हो गया।

### पुराने पुल पर भारी पाइप लाइन का दवाब

शहर में पानी सप्लाई के लिए निगम ने पुराने पुल से 1100 एमएम की दो बड़ी पाइप लाइन गुजारी है। भारी भरकम पाइप लाइन में पानी के बहाव के बाद पुल पर पड़ने वाले दबाव की आशंका पहले ही थी, लेकिन इसे नजर अंदाज किया गया। निगम ने पाइप लाइन डालने के साथ ही शहर की तरफ पुल के पास ज्वाइंट किया। इसमें से एक 600 एमएम की पाइप को रिवर व्यू की तरफ डालते हुए इसे शनिचरी स्थित पानी टंकी से जोडा गया है तो दूसरी 600 एमएम की पाइप को सीधे देवेकीनंदन चौक से होते हुए व्यापार विहार पानी टंकी से कनेक्ट किया गया है। इसी ज्वाइंट के पास पिछले कुछ दिनों से लीकेज था और पानी धीरे धीरे बह ही रहा था।

### ज्वांइट में लीकेज, फिर भी फोर्स के साथ छोड़ा पानी

बुधवार की शाम को टेस्टिंग के लिए बिरकोना ट्रीटमेंट प्लांट से पानी छोड़ा गया तो अरपा पुल के पास का ज्वाइंट लगभग टूट गया और पानी की तेज धार बहने लगी। करीब दो घंटे तक तेज पानी बहता रहा। इससे वहां की जमीन गीली और खोखली होती चली गई। धीरे-धीरे 40 फीट के करीब के क्षेत्र में गहरा गड्ढा होता चला गया। इससे सड़क भी धंसकने लगी। उसी दौरान वहां से ट्रक क्रमांक सीजी 10 बीएन 2230 गुजरा और फंस गया। इस ट्रक में गिट्टी भरा था। वह तो गनीमत रही कि ट्रक पूरी तरह पलटा नहीं। नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी और सड़क पूरी तरह टूट सकती थी। इसका असर पुल पर भी पड़ सकता था। बाद में निगम की टीम ने इस ट्रक से गिट्टी निकलवाया और मुश्किल से ट्रक को निकालकर रिवर व्यू में रखा गया।

### टेस्टिंग में ही पाइप लाइन के ज्वाइंट खुल रहे

पानी सप्लाई के लिए होने वाली टेस्टिंग में मेन पाइप लाइन के ज्वाइंट खुलने लगे हैं। एक महीने पहले सरकंडा सीपत रोड में चांटीडीह के पास नाले के उपर से गुजरी मेन पाइप लाइन का ज्वाइंट पानी सप्लाई के दौरान खुल गया था। इससे सड़क में पानी भर गया था और करीब एक घंटे तक पानी का फव्वारा चला था। ठेका कंपनी ने एक सप्ताह की मशक्कत के बाद पाइप लाइन को बदला था। इसी तरह राजकिशोर नगर में भी लीकेज के कारण हजारों लीटर पानी बरबाद हुआ था। साफ है जहां जहां जोड़ है वहां ठीक से काम नहीं हुआ है। हालांकि नोडल अधिकारी प्रवीण शुक्ला के मुताबिक टेस्टिंग इन सभी कमियों को दूर करने के लिए ही की जाती है। पुराने पुल के पास भी मरम्मत काम गुरुवार को पूरा कर लिया जाएगा।

### 44 महीने लेट हो चुकी है अमृत मिशन योजना

छत्तीसगढ़ में सर्वप्रथम बिलासपुर में शुरू हुई अमृत मिशन योजना सबसे पीछे चल रही है। ठेका कंपनी इंडियन ह्यूम पाइप को सरकार ने खूंटाघाट से शहरवासियों को पानी सप्लाई के लिए 301 करोड़ का ठेका दिया था। अक्टूबर 2017 से कार्य शुरू कर सप्लाई 3 अप्रैल 2020 से शुरू की जानी थी, लेकिन यह 44 महीना लेट हो चुकी है। अब फिर से कंपनी को 30 दिसंबर का अल्टीमेटम मिला है। निगम के मुताबिक वर्तमान में सरकंडा क्षेत्र की 6 टंकियों से 7 हजार घरों में पानी सप्लाई किया जा रहा है। शेष 49 हजार घरों में पानी पहुंचाने के लिए ही यह टेस्टिंग की जा रही है। इसके लिए कुदुदंड, शांति नगर और व्यापार विहार क्षेत्र की टंकियों में सप्लाई के लिए वाल्व लगाया गया है। निगम के अनुसार बांध का पानी सप्लाई सुनिश्चित होने के बाद ट्यूबवेल बंद कर दिए जाएंगे। इससे जमीन के अंदर का पानी और बिजली की बचत होगी। ज्ञात हो कि अभी शहर में ट्यूबवेल के माध्यम से पानी सप्लाई हो रही है।


नए पुल को बंद कर दिया गया, जिससे पुराने पुल से ही लोग आते जाते रहे।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत में आयात-निर्यात कार्यशाला आज

**बिलासपुर।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार डीजीएफटी नागपुर द्वारा जिले में उत्पादित उत्पादों को निर्यात करने संबंधी जानकारी देने 28 दिसंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जिला पंचायत बिलासपुर के सभागृह में कार्यशाला आयोजित की गई है। उद्योग विभाग के सीजीएम ने बताया कि कार्यशाला में जिले में उत्पादित होने वाले उत्पादों की निर्यात प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध कराना तथा निर्यात करने वाले उद्यमी व्यापारियों के उत्पाद के निर्यात प्रोत्साहन, विनिर्माण और रोजगार सृजन के संभावनाओं के वोकल फॉर लोकल की जानकारी दी जाएगी।

### लेखा समाधान के लिए प्रत्याशियों की बैठक कल

**बिलासपुर।** विधानसभा चुनाव-2023 लड़ चुके प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय संबंधी लेखा समाधान के लिए 29 दिसम्बर को जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में बैठक होगी। कोटा एवं तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों की बैठक दोपहर 12 बजे से दोपहर 1 बजे तक, बिल्हा एवं बिलासपुर विधानसभा की बैठक दोपहर 1.15 से दोपहर 2.15 तक होगी। इसी तरह बेलतरा एवं मस्तूरी विधानसभा की बैठक दोपहर 2.30 से 3.30 बजे तक होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में प्रत्याशियों को स्वयं अथवा उनके एजेंटों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने कहा है। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक प्रत्याशी को निर्वाचन परिणाम की घोषणा के 30 दिन के भीतर अपने निर्वाचन व्यय लेखा बिना प्रक्रियात्मक त्रुटि के जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल करना होता है।

### 31 दिसंबर को सीए फाउंडेशन की परीक्षा

**बिलासपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की ओर से सीए फाउंडेशन की परीक्षा 31 दिसंबर से शुरु होगी। इसके लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। यह परीक्षा 31 दिसंबर, 2,4, 6 जनवरी को आयोजित की जाएगी। ज्ञात हो कि यह परीक्षा पहले 24 दिसंबर को होनी थी। बाद में बदलाव किया गया। यह सीए की परीक्षा का आखिरी सत्र है। इसके बाद नया कोर्स लागू किया जाएगा। नए कोर्स में कई तरह के बदलाव किए गए हैं। अभ्यर्थी वेबसाइट www.icai.org पर जाकर अध्ययन कर सकते हैं।

### सैलानियों के लिए 1 को खुला रहेगा कानन



**बिलासपुर।** कानन पेंडारी जूलॉजिकल गार्डन सैलानियों के लिए 1 जनवरी 2024 को खुला रहेगा। कानन जू प्रबंधन ने बताया कि नववर्ष के पहले दिन सोमवार 1 जनवरी 2024 को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक सैलानियों के लिए गार्डन खुला रहेगा। उन्होंने बताया कि दूसरे दिन मंगलवार को रखरखाव और व्यवस्था बनाए रखने के लिए कानन पेंडारी बंद रहेगा। बाकी दिनों में पूर्व की तरह ही कानन पेंडारी का संचालन होगा।

# मिनोचा कालोनी वाली सड़क को फिर से नाप रहे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उसलापुर रोड में बुधवार को एक बार फिर से सीमांकन किया गया। इस बार लेकिन मिनोचा कालोनी से मार्किंग और सीमांकन नहीं करते हुए उसलापुर की तरफ से नापी की गई। राजस्व विभाग की टीम में शामिल पटवारी और राजस्व निरीक्षकों ने खसरा नंबर 1552 के साथ ही इससे लगी जमीनों का सीमांकन और मार्किंग की। काम अधूरा रहने के कारण गुरुवार को फिर से मार्किंग की जाएगी। इसकी मौखिक सूचना कब्जाधारियों को भी मौके पर दे दी गई है। इसके बाद रिपोर्ट सौंपी जाएगी। बुधवार को जगदीश सिंह मक्कड़, दलवीर सिंह मक्कड़, अमरजीत मक्कड़, शंकर पटेल, कन्नू भाई पटेल, बाबू भाई पटेल और अजय गुप्ता की जमीन के सीमांकन के लिए टीम पहुंची थी।

ज्ञात हो कि पिछली बार भी सीमांकन के लिए टीम गई थी लेकिन पंचनामा तैयार करने पर विवाद हो गया था। 8 महीने से या सीमांकन कार्य जारी है लेकिन पूरा नहीं हो पा रहा है और लगातार विवाद जारी है। अब नया विवाद यहां अवैध बाउंड्री वालों को लेकर है। यह बाउंड्री वॉल राजेंद्र सिंघानिया, संतोष सिंघानिया, डीडी बजाज ने बिना अनुमति के बना लिया है। दूसरे कब्जाधारी इस बाउंड्री वालों को हटाने के साथ ही एक सीध में सीमांकन किए जाने की मांग कर रहे हैं। दरअसल सीमांकन को लेकर यहां लंबे समय से विवाद चल रहा है यही कारण की अभी तक चार बार मार्किंग की जा चुकी है लेकिन समाधान नहीं निकल रहा है।

### इस बार उसलापुर की तरफ से मार्किंग


सीमांकन करते राजस्व विभाग की टीम।

### जारी रहेगा सीमांकन

आज सीमांकन शुरू किया गया है, पहले दिन मार्किंग की गई, कल भी काम जारी रहेगा, इसके बाद रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

**- मनीष शुक्ला**
राजस्व निरीक्षक

यात्रियों को मिलेगी सीधी ट्रेन सुविधा

# बिलासपुर से सीधे कोरबा तक जाएगी छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अमृतसर से बिलासपुर आने के बाद मेंटनेंस के लिए छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के रैक को रोका नहीं जाएगा। यह ट्रेन बिलासपुर में आने के बाद सीधे कोरबा के लिए रवाना हो जाएगी, जिससे अमृतसर से कोरबा तक यात्रियों को सीधी ट्रेन की सुविधा मिलेगी।

जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर से प्रतिदिन छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस कोरबा से बिलासपुर, रायपुर होते हुए अमृतसर के लिए रवाना की जाती है। अमृतसर से वापसी के दौरान छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को बिलासपुर स्टेशन में रोककर मेंटनेंस के लिए कोचिंग डिपो भेज दिया जाता है, जो दूसरे दिन सुबह बिलासपुर से गेवरा लोकल बनकर निकलती है। अमृतसर से बिलासपुर तक छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के रूकने से चांपा और कोरबा वाले यात्रियों को दूसरी ट्रेन से सफर करना पड़ता है, जिसकी वजह से वे परेशान होते हैं। कोरबा के यात्रियों ने अमृतसर से बिलासपुर आकर रूकने वाली



छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का स्टापेज कोरबा स्टेशन तक करने मांग की, लेकिन उनकी मांगों को दरकिनार कर दिया गया। जनप्रतिनिधियों की मांग और रेलवे बोर्ड के आदेश पर बुधवार को बिलासपुर रेल मंडल में सभी विभाग के अधिकारियों की बैठक रखी गई। इसमें मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय ने यात्रियों की मांग व सुविधा को देखते हुए कोरबा, चांपा, जांजगीर क्षेत्र के यात्रियों को अमृतसर से कोरबा तक सीधी यात्रा सुविधा सुनिश्चित करने अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का विस्तार कोरबा तक करने का निर्णय लिया गया, जिससे अमृतसर से कोरबा तक के यात्रियों को सीधी ट्रेन सुविधा कोरबा तक मिलेगी।

### चलेगी चिरमिरी-अनूपपुर रेल खंड पर मेमू

इसी तरह चिरमिरी- मनेंद्रगढ़ क्षेत्र से दिल्ली, हावड़ा, मुंबई तथा अन्य दिशाओं में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुगम यात्रा सुविधा हेतु अनूपपुर से कनेक्टिंग गाड़ियों की पकड़ सुनिश्चित करने के लिए चिरमिरी-अनूपपुर रेल खंड में अतिरिक्त मेमू ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया, जिससे कि सभी यात्रियों की अनूपपुर पहुंच आसान हो, जहां से उन्हे अन्य मार्ग में यात्रा करने के लिए कनेक्टिंग गाड़ी की सुविधा प्राप्त हो।

#### लिए गए अन्य निर्णय

- रायपुर-कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोचों का प्रावधान करने का निर्णय लिया गया, जिससे अधिकाधिक यात्री बैठकर सहज व सुविधापूर्वक यात्रा कर सकेंगे।
- कोरबा से रायगढ़ के मध्य सीधी ट्रेन चलाई जाएगी, जिससे कोरबा के यात्रियों को बिना गाड़ी बदले रायगढ़ तक सीधी रेल सेवा प्राप्त हो सके। इससे उनकी रायगढ़ तक सीधी यात्रा कम समय में पूरी होगी। वर्तमान में कोरबा से रायगढ़ जाने वाले यात्रियों को चांपा स्टेशन में गाड़ी बदलकर जाना पड़ता है।
- पारंपरिक पैसेंजर रैक को यथाशीघ्र तेज गति से चलने वाली मेमू रैक में बदला जाएगा, जिससे गाड़ी त्वरित गति से परिचालित होगी तथा यात्री सही समय पर अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे और गाड़ियों की समयबद्धता भी बढ़ेगी।

## देर रात तक ध्वनि प्रदूषण हुआ तो आयोजकों पर मुकदमा

# नए साल के जश्न में 10 बजे तक ही बजेंगे डीजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस साल नए साल के जश्न पर प्रशासन का खास पहरा रहेगा। रात 12 बजे तक डीजे नहीं बजा सकेंगे। ऐसे में बिना धूम-धड़ाके के ही नए साल का स्वागत करना पड़ेगा, क्योंकि प्रशासन की ओर से रात दस बजे तक ही डीजे बजाने की अनुमति दी जा रही है। इसके बाद यदि डीजे बजता मिला तो न सिर्फ आयोजकों पर मुकदमा दर्ज होगा बल्कि डीजे भी जब्त होगा।

अधिकारियों के मुताबिक ध्वनि प्रदूषण को लेकर प्रशासन सख्त है, इसलिए बंदिशे लगाईं जा रही हैं। कोर्ट के आदेश के तहत रात दस बजे के बाद और सुबह छह बजे से पहले डीजे, बैंड, लाउडस्पीकर आदि बजाने पर प्रतिबंध है। प्रशासन ने कहा है कि आयोजन के लिए अनुमति भी लेनी होगी। बिना अनुमति के कार्यक्रम करने पर न सिर्फ 20 हजार रुपए का जुर्माना भुगतना पड़ेगा बल्कि कानूनी कार्रवाई का भी सामना करना पड़ सकता है। साल की आखिरी शाम को जश्न मनाने के लिए शहर के पंचतारा होटलों से लेकर क्लब और रेस्तरां ने न्यू ईयर पार्टी का आयोजन किया है। कहीं थीम आधारित पार्टी होगी तो कहीं लॉन में डांस फ्लोर पर लोग थिरकेंगे। डीजे और लाइव बैंड के साथ इस साल नए साल का स्वागत करने को लोग भी होटलों में बुकिंग करा चुके है। किसी होटल में जिक्र बैंड की धमाकेदार प्रस्तुति होगी तो किसी होटल में बॉलीवुड कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। होटलों में ठहरने वालों के साथ ही शहरवासी भी पैकेज लेकर इनका लुत्फ उठाने की तैयारी में है। इसके अलावा विभिन्न क्लबों द्वारा भी निजी स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विभिन्न कालोनियों की सोसाइटी द्वारा भी देर रात तक डीजे की धुनों पर थिरकते हुए एक-दूसरे को नये साल की शुभकामनाएं देने की तैयारी है।

■ कार्यक्रमों की लेनी होगी अनुमति

### इन गाइडलाइन का करना होगा पालन

- होटल, रेस्टोरेंट, कैफे, ढाबा और बार को तय समय में अनिवार्य रूप से बंद करना होगा।
- गाड़ियों की पार्किंग की उचित व्यवस्था करनी होगी, मुख्य मार्ग या सर्विस रोड में वाहनों की पार्किंग नहीं होगी।
- सार्वजनिक स्थानों पर चारपहिया वाहनों के अंदर बैठकर लोगों को शराब का सेवन नहीं कराया जाए।
- आयोजित कराने वाले सभी कार्यक्रम की अनिवार्य रूप से अनुमति लने होगी, कार्यक्रम के दौरान हुडदंग ना हो।
- कार्यक्रम में कितने व्यक्ति शामिल होंगे, कौन सेलीब्रेटी है, कैसा कार्यक्रम है, इसकी जानकारी देनी होगी।
- समस्त कार्यक्रम में डी.जे. पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही रात 10 बजे के बाद किसी प्रकार साउंड सिस्टम नहीं बजाया जाए।
- किसी भी प्रकार का नशीला पदार्थ जैसे हुक्का, गांजा अथवा अन्य नशीली पदार्थ पाए जाने पर कार्रवाई के साथ लाइसेंस भी निरस्त किया जाएगा।
- कार्यक्रम के दौरान संचालक खुद सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करने के साथ ही सुरक्षा गार्ड रखेंगे।
- संचालक किसी भी कार्यक्रम का क्षमता से अधिक पास जारी ना करें ताकि हुडदंग व अव्यस्था की स्थिति निर्मित ना हो।



# तोरवा में निगम की कार्रवाई पर विवाद, तोड़ी गई सीढ़ी

**बिलासपुर।** निगम की टीम ने तोरवा पुल के पास बिना अनुमति दुकान के सामने बनाई गई सीढ़ी को तोड़ दिया है। यह निर्माण डीके सिंह द्वारा किया गया था। कार्रवाई के दौरान विवाद की स्थिति बनी लेकिन निगम अमले ने सीढ़ी तोड़ने के साथ ही दुकान के सामने लगे बोर्ड को हटाते हुए जब्त कर लिया। कार्रवाई रोकने के लिए भाजपा और कांग्रेस के कुछ नेताओं के फोन भी निगम अमले के पास पहुंचे लेकिन कार्रवाई नहीं रुकी। दरअसल इस सीढ़ी को बनाए जाने के बाद से आसपास के रहवासियों और दुकानदारों को परेशानी हो रही थी। इसकी शिकायत भी निगम आयुक्त से की गई थी।

# भव्य शुभारम्भ



मुख्य अतिथि
**श्री अमर अग्रवाल**
विधायक, बिलासपुर

**राजेश पांडेय**
वरिष्ठ भाजपा नेता

## FORTUNE REALTY
One stop solution for :
Real estate • Construction • Interiors

RERA APPROVED

## आपके सपनों की दुनिया का हाई-टेक मॉडल
## बिलासपुर की पहली हाई-टेक सिटी






T&C Apply*

CCTV लैस सुरक्षा गेट • टार रोड (40' और 30') मुख्य सड़क 60' चौड़ाई
• ओवरहेड पानी की टंकी और पाइप लाइन • अत्याधुनिक गार्डन • बिजली आपूर्ति के लिए अलग ट्रांसफार्मर

**सुविधाएं**

पार्क | स्विमिंग पूल | ओपन जिम | मंदिर | टेनिस कोर्ट | वाईफाई

**टाउनशिप से दूरी** • नेहरु चौक - 12 कि.मी. • जीजीयू केंद्रीय विश्वविद्यालय - 8 कि.मी. • पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन - 2 कि.मी.
• मोपका-सेंदरी बायपास रोड - 2 कि.मी. • मल्टी यूटिलिटी हॉस्पिटल - 2 कि.मी.

AdPRAYAS

**FORTUNE REALTY**
One stop solution for :
Real estate • Construction • Interiors

A Project by: SPCPL

SAI MAYA

प्लॉट्स | रो-हाउसेस | विलाज़
PCGRERA070820001131

संपर्क करें: **फॉर्च्यून रियल्टी** -
तीसरी मंजिल, महावीर पैराडाइज के ऊपर, नर्मदा नगर चौक, बिलासपुर (छ. ग.)
फ़ोन नं. 78792-25711, 62662-82220

व्यंकटेश मंदिर में उत्सव

# भगवान रंगनाथ, माता गोदांबा का फूलों से श्रृंगार, मंत्रोच्चार के साथ हो रही पूजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सदर बाजार स्थित श्री व्यंकटेश मंदिर में गोदांबा उत्सव श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। उत्सव के मद्देनजर मंदिर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। हर दिन भगवान रंगनाथ व माता गोदांबा का फूलों से विशेष श्रृंगार किया जा रहा है।

पूरे एक महीने तक चलने वाले गोदाम्बा उत्सव का शुभारंभ विशेष पूजा-अर्चना के साथ किया गया था। यह उत्सव देश के सभी वैष्णव मंदिरों में मनाया जाता है। भोर में ही भगवान विष्णु की मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर महाआरती की जा रही है। प्रत्येक शुक्रवार को भगवान का तिरूमंजन यानी दूध, दही, घी, मधु, शर्करा से स्नान कराया जा रहा है। वहीं माता गोदांबा द्वारा कहे गए पदों का संस्कृत, ब्रज और हिंदी भाषा में गायन किया जा रहा है। इसका भक्तों को भावार्थ भी बताया जा रहा है।

## विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान के साथ भजन-कीर्तन

मंदिर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान के साथ भजन-कीर्तन भी चल रहा है। 27 वें दिन 11 जनवरी को माता गोदांबा का भगवान रंगनाथ के साथ विवाह होगा। 15 जनवरी को बिदाई दी जाएगी। इसी के साथ उत्सव का समापन होगा।

## रीति रिवाज से निभाई जाएंगी विवाह की रस्में

11 जनवरी को सुबह से विवाह उत्सव की धूम रहेगी। मंदिर में विवाह मंडप सजाया जाएगा। बैंड-बाजे के साथ विवाह की सभी रस्में विधि-विधान से पूरी की जाएगी। विवाह संस्कार के बाद भक्तों को प्रसाद के रूप में खीर बांटी जाएगी।

अयप्पा मंदिर में सजाई फूलों की रंगोली

# मंडपम चिरप्पू महोत्सव के समापन पर दीपालंकारम

**बिलासपुर।** भारतीय नगर स्थित श्री अयप्पा मंदिर में चल रहे 41 दिवसीय मंडपम चिरप्पू महोत्सव का बुधवार को समापन हुआ। सुबह अष्टाभिषेक निरगाला पूजा एवं शाम को दीपालंकारम हुआ। दीपक जलाने से पूरा मंदिर परिसर दीपकों की रौशनी से जगमगा उठा। इस दौरान मंदिर परिसर में फूलों की रंगोली भी सजाई गई। ज्ञात हो कि अयप्पा मंदिर में भगवान शनिश्चर, गणेश, शिवजी, मां दुर्गा, नागदेवता की मूर्ति स्थापित है। इस मंदिर में इस वर्ष भी 41 दिवसीय श्री अयप्पा वृत्तानुष्ठान पर्व का आयोजन विगत 17 नवंबर से किया गया था। इस दिन से लेकर अब तक प्रतिदिन भगवान का अटाभिषेकम निरगाला, दीपलंकारम चंदन, श्रृंगार किया जाता रहा। बुधवार को समापन पर भी सुबह शाम भगवान शनिश्चर की विशेष पूजा की गई। पूरे मंदिर परिसर में दीपक जलाए गए। अन्नदानम का कार्यक्रम हुआ। इसमें लोगों ने भारी संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। खास बात यह रही कि वृत्ता अनुष्ठान के साथ दर्शनार्थियों के लिए 18 पावन सीढ़ी खुली रही। इससे लोग सीढ़ी से होकर भगवान अयप्पा का दर्शन किए। पूजा कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री अयप्पा सेवा समिति के सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

- 41 दिनों तक चला महोत्सव
- अन्नदानम में लोगों ने लिया प्रसाद

राम मंदिर में दत्त जन्मोत्सव का समापन

# तबला, मंजीरे की धुन पर भगवान दत्त के अवतार पर आधारित भजनों की दी प्रस्तुति





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तिलकनगर स्थित राम मंदिर में दत्त जन्मोत्सव के समापन पर बुधवार को दत्त भगवान का झूला सजाया गया। विधायक अमर अग्रवाल ने मंदिर पहुंचकर दत्त भगवान का दर्शन, पूजन किया एवं झूला झूलाए। यवतमाल से आईं कीर्तनकार सुश्री वर्षा दामले का भी स्वागत किया। भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दत्त भगवान की पूजा कर किया गया। इसके बाद सुश्री दामले द्वारा मराठी भाषा में दत्त अवतार पर आधारित भजनों की प्रस्तुति तबला, मंजीरे की धुन पर दी गई। बीच-बीच में कहानी भी बताई जा रही है। भजन प्रस्तुति के दौरान उन्होंने कहा कि इंसान को भगवान की भक्ति करनी चाहिए। बुधवार को भाजी भाकर का कार्यक्रम दोपहर साढ़े 12 बजे से साढ़े तीन बजे तक चला। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीराम मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रमोद काले, उपाध्यक्ष मधुसूदन अडबे, सचिव संजीव वाटवे, सहसचिव डॉ विवेक अंबलकर, विजय दिघ्रस्कर, विश्वास जलताड़े, अरविंद देहनकर, विद्या गोवर्धन सहित अन्य सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### छग प्रदेश कान्यकुब्ज ब्राम्हण सभा के दीक्षित बने महासचिव



**बिलासपुर।** छग प्रदेश कान्यकुब्ज ब्राम्हण सभा का अरविंद दीक्षित को महासचिव बनाया गया है। रविवार 24 दिसम्बर को रायपुर में संरक्षक रामप्रसाद शुक्ला, बीके पाण्डेय, आरके दीक्षित, प्रदीप बाजपेयी के मुख्य आतिथ्य में अध्यक्ष अरुण शुक्ला ने प्रदेश कार्यकारणी की घोषणा कर दायित्व प्रमाण पत्र सौंपा। इसमे बिलासपुर से अरविन्द दीक्षित को प्रदेश का महासचिव बनाया गया। उपाध्यक्ष प्रभात मिश्रा एवं मनोज शुक्ला, सचिव गोपाल मिश्रा व राजीव अवस्थी, सहसचिव चन्द्र प्रदीप बाजपेयी, दिव्य प्रकाश दुबे व शैलेष दीक्षित तथा महिला संयोजिका उषा किरण बाजपेयी, कार्यकारणी सदस्य बिलासपुर से शिवा मिश्रा, चन्द्र प्रकाश बाजपेयी, मनोज तिवारी, आशीष शुक्ला, कृष्ण मोहन पाण्डेय, शैलेष बाजपेयी, संदीप वाजपेयी, विनय दीक्षित, राजन दीक्षित, अशोक त्रिवेदी, रितेश शुक्ला, डा. आरती पांडेय, किरण बाजपेयी, सुरेखा दीक्षित, सुमन अवस्थी, वंदना शुक्ला, नमिता बाजपेयी, गायत्री तिवारी, मृदुला अवस्थी एवं वर्षा अवस्थी होंगे। रायपुर में कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज के इस प्रादेशिक संगठन को संगठित करने पर जोर दिया गया तथा युवा व बच्चो को सनातन व धर्म के संस्कार दिये जाने के विषय पर भी चर्चा की गई।

### रैली में शामिल होने नागपुर रवाना हुए विधायक अटल



**बिलासपुर।** हैं तैयार हम रैली का आयोजन 28 दिसंबर को नागपुर में किया जा रहा है। इसमें शामिल होने के लिए बिलासपुर जिले के कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव अपने समर्थकों के साथ रवाना हुए। उनके साथ अभय नारायण राय, प्रमोद नायक, महेश दुबे, पंकज तिवारी, समीर अहमद, जितेन पांडे, शिवबाला कौशिक, तैयब हुसैन, अनिल गुलहरे आदि शामिल हैं।

### श्री सर्वेश्वरी समूह ने जरूरतमंद बैगा आदिवासियों को किया कम्बल वितरण



**बिलासपुर।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा सेन्दरी ने कोटा के आदिवासी बैगा क्षेत्र ग्राम छोटकी रेवार, कुब्बा, बैगाटोला, केंवची, आमाडोर में 177 नग एवं 25 नग साड़ियों का वितरण किया। वहीं कबीरधाम जिले के आदिवासी बैगा क्षेत्र, मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ के सरहद से लगे ग्राम रूखमीदादर, कांदाबानी 165 नग, ताई तिरनी दमगड़ में 54 नग, भंगीटोला पंडरिया में 67 नग, कुल 288 नग। इस तरह कुल 465 नग कम्बल, 25 नग साड़ियाँ तथा पुराने वस्त्र आदिवासी बैगा ग्रामीणों को सर्द हवाओं से सुरक्षा के लिए वितरण किया गया। इसमें जेएस चौहान, उमेश नारायण मिश्रा, हिमांशु तिवारी, एसके सोनी, राहुल सिंह, संजय सराफ, संजय मालगे, सतीश गुप्ता, अभिजीत तिवारी, भगवानदास, अमितेश तिवारी, धर्मेन्द्र कुमार श्रीवास, आशाराम, परमानन्द मरावी, सोम कुमार पटेल आदि सदस्यों का सहयोग रहा।

### सेंट्रल लाइब्रेरी में काम करने वाले कर्मचारियों ने मांगा नियुक्ति पत्र

**बिलासपुर।** सेंट्रल लाइब्रेरी में काम करने वाले कर्मचारियों ने नियुक्ति पत्र एवं लंबित वेतन दिलाने की मांग निगम आयुक्त से की है। यहां काम करने वाले कर्मचारियों ने बताया कि सेन्ट्रल लाइब्रेरी का संचालन नगर-निगम आयुक्त द्वारा 12 सितम्बर 2023 से किया जा रहा है। कम्पनी द्वारा 3 माह से कर्मचारियों का वेतन नहीं दिया गया है। सेन्ट्रल लाइब्रेरी के सभी कर्मचारियों को नगर निगम आयुक्त वाय केप्टन श्रीनिवास जोन कमिश्नर प्रवीण शुक्ला, नोडल अधिकारी अनुपम तिवारी द्वारा सभी कर्मचारियों को मौखिक आश्वासन दिया था कि 12 सितम्बर 2023 से नगर निगम लाइब्रेरी का संचालन करेगा। सभी कर्मचारियों को निगम में समिति के अन्तर्गत नियुक्ति देकर आर्थिक सहयोग देने का आश्वासन दिया था। 1 माह का समय माँगा गया था। आज 4 माह बाद भी हम सभी कर्मचारियों को न ही नियुक्ति पत्र दिया गया है, न ही वेतन दिया गया। नियुक्ति पत्र एवं वेतन माँगने पर नौकरी छोड़ने कहा जा रहा है।

# गुरु गोविंद सिंह के कार्यक्रम में बच्चों ने दी प्रस्तुति, अमर ने किया प्रोत्साहित

**बिलासपुर।** गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा दयालबंद में 22 दिसंबर से 28 दिसंबर तक शहीदी सप्ताह मनाया जा रहा है। सरकार द्वारा श्री गुरु गोविंद सिंह के लखते जिगर साहबजादों की याद में 26 दिसंबर को राष्ट्रीय बाल दिवस के रूप में घोषित किया गया है।

इस अवसर पर कल श्री सुखमनी साहिब सर्कल द्वारा बच्चों के लिए सिखों के 10 वें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह के 52 हुकुम का कार्यक्रम आयोजन किया गया, जिसमें 100 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। बच्चों ने शहादत को नमन करने मॉडल प्रोजेक्ट, शास्त्र द्वारा सिख विरसा प्रदर्शनी भी गुरुद्वारा साहिब में लगाई। वहीं बच्चों ने साहबजादों की याद में



धार्मिक गीत एवं कविता की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं विधायक अमर अग्रवाल, रामदेव कुमावत, गुलशन ऋषि, अमरजीत सिंह दुआ आदि ने गुरुद्वारा साहिब में बच्चों का हौसला बढ़ाया।



## इनका मिल रहा सहयोग

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सुखमनी साहिब सर्कल के दलजीत कौर सलूजा, हरमीत कौर गंभीर, रविंदर कौर छाबड़ा, मनप्रीत कौर मक्कड़, डॉली कौर, प्रिंसी कौर गंभीर एवं गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य नरेंद्र पाल सिंह गांधी, जगमोहन सिंह, जोगिंदर सिंह गंभीर, मनदीप सिंह गंभीर, सुरेंद्र सिंह छाबड़ा, अमनदीप सिंह होरा, जसवीर सिंह गांधी जगदीप सिंह मक्कड़ एवं हेड ग्रंथी मानसिंह आदि का सहयोग रहा।

# शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का 5 दिनी रायपुर प्रवास 5 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाभाग के संगठन पीठ परिषद, आदित्य वाहिनी एवं आनंद वाहिनी की संयुक्त बैठक 26 दिसंबर को श्रीकांत वर्मा मार्ग स्थित मृत्युञ्जय कार्यालय में आहूत की गई। इसमें आगामी 5 जनवरी से 10 जनवरी तक रायपुर छग में पूज्य शंकराचार्य के कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में चर्चा की गई।

बैठक में छग प्रांत प्रभारी सीमा तिवारी, गीता तिवारी, संदीप पाण्डेय, डॉ विवेक बाजपेयी, राकेश तिवारी, रोशन अवस्थी, केशरवानी, मुनींद्र शर्मा, उत्सव कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे। संदीप पाण्डेय ने पूज्य शंकराचार्य के आगामी छत्तीसगढ़ प्रवास एवं उनके कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 5 जनवरी से 10 जनवरी तक रायपुर छग में पूज्य शंकराचार्य का प्रवास होने जा रहा है। 5 दिवसीय कार्यक्रम अंतर्गत दीक्षा, संगोष्ठी एवं 7 जनवरी को विशाल धर्म सभा का आयोजन होने जा रहा है। शंकराचार्य के राष्ट्रोत्कर्ष अभियान विषय पर डॉ विवेक बाजपेयी, राकेश तिवारी, संदीप पाण्डेय, गीता तिवारी, रोशन अवस्थी, सीमा तिवारी ने उद्बोधन दिया। संगठन का विस्तार एवं पदाधिकारियों को दायित्व एवं प्रभार की घोषणा की गई। आनंद वाहिनी के शहर अध्यक्ष रोशन अवस्थी ने शंकराचार्य के आगामी छग प्रवास कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों के शामिल होने का आह्वान किया।

## बनाई रूपरेखा

आदित्य वाहिनी एवं आनंद वाहिनी के पदाधिकारियों ने आगामी कार्ययोजना को लेकर रूप रेखा बनाई और अपने साथियों को आवश्यक जिम्मेदारी दी। सभी सदस्यों से इस कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया गया। यह कार्यक्रम 5 जनवरी से रायपुरमें होने जा रहा है। इसके लिए सभी सदस्यों को तैयार रहने कहा गया।

निजात अभियान

# नशे से दूर रहने पुलिस कर रही जागरुक




**बिलासपुर।** जिला पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा जिले में नशे से होने वाले दुष्प्रभावों से आमजन एवं युवाओं को दूर रखने निजात अभियान चला रही है। जिला पुलिस अधीक्षक श्री सिंह की मंशानुरूप अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अर्चना झा एवं सभी नगर पुलिस अधीक्षकों एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों के पर्यवेक्षण में सभी थानाधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में निजात अभियान के उद्देश्य के अनुसार कार्य कर रहे हैं। गत चार दिनों में निजात अभियान के जिले के विभिन्न इलाकों में 33 अलग-अलग कार्यक्रम किए गए। लोगों को नशे से दूर रहने की समझाइए दी गई। थाना कोटा के ग्राम करका में स्कूली बच्चों को निजात अभियान से अवगत कराते हुए नशे से दूर रहने जागरूक किया गया। हिर्री थानांतर्गत ग्राम धौराभाठा एवं खरकेना, खजुरी में चौपाल लगाकर ग्रामीणों को नशा से दूर रहना बताया गया। कोनी थाना क्षेत्र के ग्राम दर्राभाठा में राउत बाजार में निजात कार्यक्रम एक संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी। सीपत थानांतर्गत ग्राम कर्मा में एनएसएस कैंप में निजात कार्यक्रम की जानकारी दी गई। नशे के दुष्प्रभावों को बताते हुए नशे से दूर रहने की सलाह दी गई। थाना सरकंडा वसंत विहार गेट के पास जागरूकता अभियान चलाकर नशे से दूर रहने समझाइश दी गई। थाना सिविल लाइन द्वारा राजेंद्र नगर इसी तरह थाना चकरभाठा क्षेत्र के परसदा स्कूल में विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। थाना तखतपुर में होटल में काम करने वाले कर्मियों, थाना रतनपुर एवं सिविल लाइन में कॉउंसलिंग कराकर नशा छोड़ने समझाइए दी गई। पचपेड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम चिश्दा, थाना सरकंडा क्षेत्र के बहतराई एरिया में कामकाजी महिलाओं और पुरुषों को समझाइश दी गई। ग्राम बैमा नगोई के शासकीय हायर सेकंडेरी स्कूल एनएसएस के कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक अजय यादव ने नशे के दुष्परिणाम के बारे में छात्र, छात्राओं से चर्चा की।

- जन चौपाल, नुक्कड़ नाटक, स्कूल कॉलेज में जागरुकता कार्यक्रम

वनवासी स्थापना दिवस

# दायित्व व कर्तव्य बोध का किया स्मरण



**बिलासपुर।** वनवासी विकास समिति बिलासपुर इकाई ने राम मंदिर तिलक नगर में स्थापना दिवस मनाया। इसमें जनजाति समाज के लिए अपने दायित्व और कर्तव्य बोध का स्मरण किया गया। मुख्य वक्ता प्रदीप देशपांडे, विशिष्ट अतिथि तहसीलदार सकरी शिल्पा भगत, अनिल पाटिल सह संगठन मंत्री छत्तीसगढ़ प्रांत ने कल्याण आश्रम और भुवन सिंह राज सहसचिव छग. वनवासी विकास समिति ने बिलासपुर के कार्यों के बारे में जानकारी दी और बताया कि कल्याण आश्रम के संस्थापक पूज्य बाला साहेब देशपांडे का जन्म भी इसी दिन हुआ था, इसलिए स्थापना दिवस के दिन बाला साहब देशपांडे का भी स्मरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर वनवासी कल्याण आश्रम के बारे में जाने। 26 दिसंबर 1952 को छत्तीसगढ़ के जशपुर नगर में पूज्य बालासाहेब देशपांडे ने कल्याण आश्रम की स्थापना की थी। जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास, उनके धर्म, संस्कृति और जीवन मूल्यों की रक्षा हेतु कल्याण आश्रम की स्थापना हुई। समय के साथ कल्याण आश्रम के कार्य का सतत विस्तार होता गया और आज पूरे देश में कल्याण आश्रम के विभिन्न कार्य जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास और उसके कल्याण को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। पूरे देश में वनवासी कल्याण आश्रम का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है।

- जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास पर दिया जोर

बिजनेस प्लस

# श्री शिवम में ईयर एंड ऑफर की धूम, ग्राहकों को भारी फायदा

**बिलासपुर।** श्री शिवम में ईयर एण्ड आफर की इन दिनों काफी धूम मची है। कंपनी द्वारा दी जा रही विशेष छूट का लाभ उठाने के लिए ग्राहकों की काफी भीड़ है। शहर सहित दूर दराज से भी लोग योजना का लाभ उठाने यहां नित पहुंच रहे हैं। इसके संचालक ने बताया कि हमें ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। उन्होंने बताया कि फैशन की दुनिया का ट्रेंडस हर वर्ष बदलता है, लाइफस्टाइल के स्टेटस माने जाने वाले ड्रेसेस व स्टाइल हर समय चलन में रहते हैं। मध्यभारत के फैमिली फैशन स्टोर के रूप में लोकप्रिय श्री शिवम की पहचान दुगेदरनेस स्टोर के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त है। यहां पूरे परिवार के लिए मेन, वुमेन व किड्स वियर की विशाल रेंज ग्राहकों को लुभाती है। वर्ष 2023 की समाप्ति व नववर्ष 2024 के स्वागत की तैयारी में लगे लोगों के लिए, वर्ष 2023 का ईयरएंड आफर, सभी को आकर्षित कर रहा है। इसकी खास बात यह कि सभी प्रतिष्ठित ब्रांड्स पर आकर्षक डिस्काउंट दिया जा रहा है। जिनसे जिनि एंड जानी स्पायकर, नॉटिका जेक एंड जोन्स वीरो मोडा, सेलेक्टेड मिनि क्लब, फ्रेंच कलेक्शन पर 50% तक की छूट। इसी तरह वीइंग वूमेन, डब्लू लुइस फिलिप, सेलिओ, ऑरेलिया, मेडंम, विशफुल, स्वीट ड्रीम्स, काजो, मुफ्ती, इले, रेअर रेबिट जैसे बड़े ब्रांड्स पर 40% की छूट है।



बाय-2 गेट 2 फ्री ऑफर के अंतर्गत कलर प्लास, लिनेन क्लब, पार्क एवेन्यू के ब्रांड्स शामिल हैं और एरो, इंडियन टेरेन, पांटियाक, यूनाइटेड कलर आफ बेनेटन, यूएसपोलो एसोविटेर वार्म कलेक्शन पर बाय-2, गेट-1 फ्री का ऑफर ग्राहकों अपनी ओर खींच रही है। श्री शिवम का ईयर एंड आफर उसके विभिन्न शोरूम्स, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, भोपाल, छिंदवाड़ा, जबलपुर, नागपुर मे ग्राहको के लिए आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

कराते की बारीकियों को सिखाते हुए पंच किक, डाची कराते काता/ कुमिते टेस्ट देते हुए बेल्ट परीक्षा पास की

# जिले के 52 बच्चों ने पास की कराते बेल्ट परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रथम शोतो कान स्टाइल कराते एसोसिएशन द्वारा आयोजित कराते बेल्ट परीक्षा में बिलासपुर जिले के 52 बच्चों ने राजकिशोर नगर में परीक्षा दिलाई। बिलासपुर कराते अकादमी के 26 बच्चे सहित डीपी महाविद्यालय के 26 बच्चों को मिलाकर 52 बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। कराते के बारीकियों को सिखाते हुए पंच किक, डाची कराते काता/ कुमिते टेस्ट देते हुए बेल्ट परीक्षा पास की। इसमें यलो, ऑरेंज, ब्राउन, पर्पल बेल्ट के लिए ग्रेडिंग दी। मुख्य प्रशिक्षक सिंहान सुशील चंद्रा, अविनाश शेट्टी, ठाकुर कर्ण सिंह,




प्रतीक सोनी, किरण राव, शिवानी बुधौलिया, संजुक्ता दास, आदित्य गढ़ेवाल ने खिलाड़ियों की परीक्षा ली। खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि रविंद्र सिंह, केशव गोरख ने बच्चों को बेल्ट देकर सम्मानित किया।

बेल्ट परीक्षा पास करने वाले खिलाड़ियों में यलो बेल्ट -गुनगुन बुधौलिया, नीरज साहू, भगवती साहू, सक्षम साहू, सम्यक लशेर, अदिति मिश्रा, शुभांशु साहू, भुनेश्वरी साहू, नीलेश्वर साहू ,आशू यादव, सौम्या सिंह, आर्या आरुषि, ऑरेंज बेल्ट- नव्या सिंह, अनिका कुमारी, मिहिर कुमार, दिव्यांश तिवारी, इच्छा नेताम, शिल्पी बुधौलिया, ग्रीन बेल्ट-प्रिया यादव, काव्या सिंह, मुस्कान यादव, सोमेश्वरी साहू, ब्राउन बेल्ट- शिवानी बुधौलिया, निशा सिंह, ज्योति सिंह आदि ने परीक्षा उत्तीर्ण की।

# साहू समाज का परिचय सम्मेलन सम्मान समारोह 30 को

**बिलासपुर।** जिला एवं नगर साहू संघ के तत्वावधान में 30 दिसंबर को सिम्स आडिटोरियम में साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

संघ के जिला अध्यक्ष डा. तिलक राम साहू ने बताया कि इस अवसर पर पत्रिका मिलाप का विमोचन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव होंगे। प्रमुख अतिथि विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, थानेश्वर साहू, मोतीलाल साहू होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षत टहल साहू करेंगे। समारोह के विशिष्ट अतिथि विधायक धरमजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, अटल श्रीवास्तव, दिलीप लहरिया, मेयर रामशरण यादव, लखन लाल साहू, संदीप साहू, भोलारामसाहू, दलेश्वर साहू, बालेश्वर साहू, ओंकार साहू, रोहित साहू, ईश्वर साहू, दीपेन्द्र साहू, इंद्र साव, इंद्र कुमार साहू होंगे। इसे सफल बनाने के लिए संघ के पवन साहू, भागवत साहू, पप्पू साहू आदि आवश्यक तैयारी में जुटे हैं।

27 -DEC-REGNOL-Pg-4_Layout 1 12/28/2023 12:06 AM Page 1



## खबर संक्षेप



### नेशनल पावर लिफ्टिंग में आशीन का चयन

**तखतपुर।** राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में नगर के जेएमपी कालेज फर्स्ट ईयर बीकाम के छात्र आशीन सामुएल पिता आशीष सामुएल का नेशनल पावर लिफ्टिंग प्रतियोगीता में चयन हुआ है। 23 से 25 दिसम्बर को कोरबा दीपका में जूनियर वर्ग 15 किलोग्राम केटेगरी में नेशनल ट्रायल लिया गया, जिसमें आशील ने 500 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। आशीन इससे पहले भी 14 बार स्टेट चेम्पियन और पवार नेशनल चैम्पियन रहा है।

### राष्ट्रीय शालेय तैराकी में भाग लेंगे पार्थ

**कोरबा।** राज्य एवं राष्ट्रीय शालेय



खेलकूद प्रतियोगिता में तैराकी में एक के बाद एक पदक जीत चुके पार्थ श्रीवास्तव जिले के एकमात्र तैराक हैं जो अब तक कि विभिन्न तैराकी प्रमियोगिताओं में कई पदक जीत चुके हैं। लगातार राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपने बेहतर प्रदर्शन से पदक जीतने वाले पार्थ का चयन दिल्ली के तालकटोरा स्विमिंग पुल में आयोजित होने वाली 67वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स के लिए हुआ है प्रतियोगिता 3 जनवरी 2024 से 9 जनवरी 2024 तक दिल्ली के तालकटोरा स्विमिंग पूल में आयोजित हो रहा है। जिसमें जिले के एकमात्र तैराक पार्थ श्रीवास्तव का चयन हुआ है। पार्थ श्रीवास्तव न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल रामपुर में ग्यारहवीं के छात्र हैं। पार्थ श्रीवास्तव इससे पूर्व 37वीं नेशनल गेम्स जो की गोवा में आयोजित हुआ था, उसमें वे 9वीं पोजिशन में आए थे। पार्थ श्रीवास्तव इस वर्ष के नेशनल स्कूल गेम्स में पदक के दावेदार हैं।

### अनूपपुर स्टेशन में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन

# सतर्कता व सजगता से कार्य करें रेलकर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर







मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय के मार्गदर्शन में मंडल संरक्षा विभाग द्वारा संरक्षा कोटि के कर्मचारियों में बेहतर सजगता एवं संरक्षा के साथ कार्य प्रणाली सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न संरक्षा अभियान चलाये जा रहे हैं।

इसी कड़ी में 27 दिसम्बर को अनूपपुर स्टेशन में सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी बीआर मेश्राम एवं संरक्षा सलाहकारों की उपस्थिति में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में स्टेशन मास्टर, चालक, परिचालक गार्ड, फिटर, एसएसई, जेई, डीटीआई, पाइंटमैन, गेटमैन, सहित सभी विभागों के लगभग 100 रेल कर्मचारियों ने भाग लिया। संगोष्ठी में पूर्व दुर्घनाओं के संभावित कारणों को पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रदर्शित किया गया तथा दुर्घटनाओं को रोकने के उपायों एवं इस दौरान ली जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही शंटिंग के दौरान ली जाने वाली सावधानियां, सिग्नल का आदान-प्रदान, इंटरलॉक तथा नान-इंटरलॉक प्वाइंट पर शंटिंग के दौरान ली जाने वाली सावधानियां, रोलडाउन घटनाओं को रोकने के लिए सावधानियाँ, ओएचई का रख रखाव, ओएचई ब्लाक के दौरान ली जाने वाली सावधानियां, शीतकालीन पेट्रोलिंग, गेट व स्टेशन पर सिगनलिंग गियर का अनुरक्षण, रेल फ्रेक्चर तथा वेल्ड फ्रेक्चर की स्थिति में ट्रैक की सुरक्षा, लोडिंग अनलोडिंग पाइंट्स पर वैगन के दरवाजों का सही ढंग से बंद होना सुनिश्चित करना, साईडिंग में सड़क वाहनों के अनाधिकृत गतिविधियों को रोकना, आपदा-प्रबंधन व टूल वैन उपकरणों का अनुरक्षण, वे-ब्रिज के कार्य, नान-सिग्नलिंग में गाडी चलाने के दौरान चालक एवं सहायक चालकों का कर्तव्य, आपदा प्रबंधन एवं SPAD से बचाव के तरीकों जैसे अनेक गहन मुद्दों पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा नागरिक सुरक्षा निरीक्षक के द्वारा फायर फाइटिंग एवं प्रथमोपचार का भी प्रशिक्षण दिया गया । संगोष्ठी में सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी द्वारा सभी रेल कर्मचारियों को संरक्षा नियमों की पूरी जानकारी अद्यतन रखने तथा संरक्षा नियमों का पालन करते हुए अपने कार्यों का निष्पादन सर्तकता एवं सजगता के साथ करने की सलाह दी गई।

### साहू समाज का परिचय सम्मेलन 30 को

**लगरा।** जिला व नगर साहू संघ बिलासपुर द्वारा साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन, सम्मान समारोह एवं वाषिक पत्रिका मिलाप का विमोजन 30 दिसम्बर शनिवार सुबह 11 से 4 बजे तक सिम्स आडिटोरियम में आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल साहू रहेंगे।

### अवैध शराब सहित पकड़ा गया आरोपी

**तखतपुर।** अवैध रूप से बिक्री के लिए रखे कच्ची महुआ शराब को पुलिस ने जब्त करते हुए आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम 34,1 क के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि खपरी में एक युवक अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने राजू केंवट पिता जवाहर केवट 42 वर्ष के पास 15 लीटर क्षमता वाले प्लास्टिक डिब्बे में करीब 2 लीटर देशी हाथ भट्ठी का बना महुआ शराब जब्त किया। आरोपी के खिलाफ 34 (1) क के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।



# रामकथा में राम सीता का विवाह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखराम

केदारनाथ शशि गुप्ता परिवार द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर लखराम परिसर में आयोजित राम कथा में राम सीता विवाह देखने क्षेत्र के सैकड़ो राम भक्तों की भीड़ पूरे समय लगी रही।

प्रयाग से पधारे श्रद्धेय संकर्षण महाराज द्वारा मनभावनी कथा सुनकर दिनोदिन श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। कथा क्रम में कल वैदिक विधि विधान से राम सीता का विवाह संपन्न हुआ। राम सीता की झाँकी देखकर लोग भाव विभोर हो गए तथा टकटकी लगाये राम सीता को देखते रहे। कन्यादान के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा भेंट न्यौछावर भी किया गया। छत्तीसग़ढ के परम्परानुसार विवाह गीत का गायन का भक्तो ने आनन्द लिया। कथा के माध्यम से संकर्षण महाराज द्वारा आदर्श वैवाहिक जीवन हेतु राम सीता की चरित्र से मानव जीवन को लाभ लेकर सुखमय दाम्पत्य जीवन की सीख की कथा सुनाई गई। यह कथा 31 दिसम्बर तक आयोजित है, जिसका लाभ लेने ग्राम के साथ क्षेत्र के राम भक्त पहुंच रहे हैं।

**खास बात**
- सरस्वती शिशु मंदिर लखराम में राम कथा का अयोजन

# जनता का हक पहुंचाना सरकार का उद्देश्य

**सीपत।** सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की गई है।

बुधवार को केन्द्रीय योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराने व योजनाओं का फायदा दिलाने विकसित भारत संकल्प की मोबाइल वैन मस्तूरी ब्लॉक के नरगोड़ा व गुड़ी पहुंची। यहां नोडल अधिकारी मस्तूरी जनपद से सहायक विस्तार अधिकारी समसुन निशा के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। शिविर में पंचायत ग्रामीण विभाग, स्वास्थ्य, सहकारिता, महिला एवं बाल विकास, डाक विभाग, गैस कनेक्शन सहित कुल 8 विभागों के स्टाल लगे थे। विभिन्न योजनाओं के तहत हजारों लोगों ने शिविर का फायदा लिया। लाभान्वित 12 हितग्राहियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपना अनुभव साझा किया। शिविर में विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान भारत, नल-जल मिशन, पीएम आवास योजना, स्टार्टअप योजना, मुद्रा लोन योजना, पीएम स्वनिधि योजना जैसी केन्द्रीय योजनाओं की जानकारी व लाभ लेने के लिए आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कराई गई।

- मस्तूरी ब्लाक के नरगोड़ा और गुड़ी पहुंची भारत संकल्प की मोबाइल वेन


हितग्राहियों को चेक वितरित करते अतिथि।

अतिथियों में सीपत भाजपा मंडल अध्यक्ष राज्यवर्धन कौशिक व महामंत्री अभिलेश यादव ने कहा कि लोगों हक को उनके घर तक पहुंचाना ही सरकार का उद्देश्य है, ताकि जनसामान्य व सरकार के बीच दूरी कम हो सके। उन्होंने कहा कि योजनाओं के जरिए हर वर्ग हर समाज को लाभान्वित करना सरकार का इरादा है। मन्नू सिंह ने कहा कि वर्ष 2047 में जब भारत आजादी के 100 साल पूरा हो रहा होगा तो वह विकसित राष्ट्र के रूप में दुनिया के सामने हो। यह संकल्प यात्रा लोगों को संकल्प दिलाने आई है कि प्रधानमंत्री के इस संकल्प को पूरा करने के लिए योजनाओं का लाभ उठाकर समृद्ध नागरिक बनें। अतिथि के रूप में रवीश गुप्ता, मन्नू सिंह ठाकुर, मदनलाल पाटनवार, हरिकेश गुप्ता, परमेश्वर साहू, सरपंच श्रीमती शांति दुर्गा साहू, सीपत तहसीलदार सिद्धि गवेल, पार्षद प्रतिनिधि राकेश वर्मा, एबीईओ बीके कौशिक, प्राचार्य श्री गंगवानी भी उपस्थित रहे।

# कुरेली स्कूल में आरएसएस का सात दिवसीय शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर




युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ एवं अटल बिहारी बाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर के निर्देशानुसार डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र छात्रा की इकाई का संयुक्त सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ दिनांक 26 दिसंबर को शासकीय हाई स्कूल कुरेली में विकास खंड शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र शुक्ला विशिष्ट अतिथि, ग्राम पंचायत प्रेमी बाई नेताम मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि घनश्याम कौशिक जिला पंचायत उपाध्यक्ष, डीएवी स्कूल देवरी खुर्द के प्राचार्य वीके श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एवं वरिष्ठ ग्रामीणों के सानिध्य में सरस्वती पूजन एवं स्वामी विवेकानंद को पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों के द्वारा किया गया। शिविर के द्वितीय कार्य दिवस में डीएवी स्वयंसेवकों के छात्र एवं छात्राएं प्रातः कालीन प्रभात फेरी में शामिल हुए।

विद्यार्थियों द्वारा परियोजना कार्य में विद्यालयीन परिसर में आंतरिक एवं बहता स्वच्छता का कार्य किया गया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक को प्रशिक्षित योग शिक्षक के द्वारा योग एवं योग से होने वाले महत्ता पर प्रकाश के साथ योग के आठ प्राणायाम, ध्यान लगाना एवं हास्य योग कराया गया।

बौद्धिक परिचर्चा आयोजन स्थल में पदस्थ व्याख्याता गौरी शंकर कौशिक ने माइंड फुलनेस विषय पर अपना विचार साझा किया। शिविर स्थल में डीएवी स्कूल के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कुमार कौशिक, सहायक शिक्षक यतेंद्र कुमार एवं प्रियंका निराला उपस्थित रहीं।

## निधन

### श्रीमती लगन सिंह देवी



**बिलासपुर।** श्रीमती लगन सिंह देवी का 27 दिसंबर बुधवार को निधन हो गया । वे 85 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार की सुबह 10 बजे ग्राम सेलर ( पिपरा) में किया जाएगा । वे ग्राम पंचायत सेलर सरपंच धनंजय सिंह ठाकुर की दादी थीं ।

### विद्यावती सिंह

**तखतपुर।** चुलघट रोड वार्ड 1 निवासी श्रीमती विद्यावती सिंह 97 वर्ष का 27 दिसम्बर बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे ममता सिंह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की मॉ एवम आशुतोष सिंह की सासु मां थी।



# संकल्प यात्रा शिविर से हितग्राहियों को मिला लाभ

**बिल्हा।** पंचायत बिल्हा में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर 27 दिसम्बर को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा एवं विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक, विशिष्ट स्थिति नगर पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती जमाबाई धनवाराम कोसले थे। कार्यक्रम में करीब 3000 लोगों ने भाग लिया, जिसमें उज्जवला योजना, स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि के तहत सैकड़ो हितग्राहियों ने आवेदन फार्म भरने के साथ कृषि विभाग पशुधन विभाग राजस्व विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं का प्रचार-प्रसार एवं हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन बिल्हा नगर पंचायत के नेता प्रतिपक्ष सतीश शर्मा किया। इस अवसर पर पार्षद वंदना जनरल, सांसद प्रतिनिधि मोहन डोरिया, विधायक प्रतिनिधि मानिकपुरी, पार्षद संदीप कौशिक, पार्षद देवव्रत साहू प्रसाद, लक्ष्मी नवरंगा उपस्थित रहे। विकसित भारत संकल्प का समन्वयन नगर पंचायत बिल्हा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रवीण सिंह गहलोत एवं उप अभियंता नरेंद्र दुबे, गौतम यादव, शिव विश्वकर्मा, पीयू अंकित दुबे, एपीएम सारिका, लोकेश यादव, एनयूएलम मिशन मैनेजर नेहा मित्र और मंजूषा कुर्रे ने किया।

# एडवांस मेडिटेशन प्रोग्राम में 74 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

आर्ट ऑफ़ लिविंग परिवार द्वारा 23 से 26 दिसम्बर तक चार दिवसीय एडवांस मेडिटेशन प्रोग्राम का आयोजन कैरियर प्वाइंट वर्ल्ड स्कूल ठेका में किया गया, जिसमें 18 से 70 वर्ष तक उम्र के लगभग 74 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण उमेश योगी द्वारा दिया गया। चार दिवसीय आवासीय कोर्स का प्रतिभागियों ने भरपूर लाभ उठाया। ध्यान, योग, प्राणायाम सहित अन्य क्रियाएं शिविर के दौरान कराया गया और सभी ने तीन दिन का मौन भी रखा।

आर्ट ऑफ लिविंग के प्रणेता रविशंकर द्वारा तैयार कार्यक्रम में गहन अंतर्मुखी होने, मानसिक अशांति से मुक्त होने, गहन विश्राम और आंतरिक मौन के अनुभव के लिए सर्वोत्कृष्ट वातावरण उपलब्ध कराने के साथ ही साधना, सेवा, सत्संग, स्वाध्याय और साइलेंस का महत्व बताया जाता है। शिविर की समाप्ति पर प्रतिभागियों ने अपने अनुभव शेयर करते हुए कहा कि यह एक अद्भुत ज्ञान है, जो आर्ट आफ लिविंग के कार्यक्रम में ही मिलता है। इसमें शारीरिक और मानसिक शांति प्राप्त होती है और व्यक्ति आध्यात्मिक स्तर पर ऊंचा उठता है। एक प्रतिभागी ने कहा कि नियमित कोर्स करने से वह अवसाद से बाहर आ गया। शिविर को सफल बनाने में किरण पॉल सिंग चावला, सुरेंदर सिंह चावला, विकास साहू, प्रीतपाल सिंह, धीरज श्रीवास्तव, धरेंद्र अरोरा, लीना शुक्ला, धर्मवीर सिंह, उमा पिल्लई, सुषमा ठाकुर, सीमा अग्रवाल, अंकित दवे सहित आर्ट ऑफ लिविंग के स्वयंसेवको का सहयोग रहा। इसमें तखतपुर, रतनपुर, चांपा, बिलासपुर, रायपुर, भिलाई, बलौदा सहित आसपास के प्रतिभागी उपस्थित हुए।




### शिविर में किया गया सिकलसेल के प्रति जागरूक



**तखतपुर।** तखतपुर नगर के रामनगर स्थित राम मंदिर में सिकलसेल एनीमिया बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जांच शिविर लगाया गया, वार्डवासियों ने जांच कराया। शिविर में वार्ड क्रमांक 1 की पार्षद कोमल सिंह ठाकुर ने कहा कि कोई भी बीमारी हो जिससे हमें डरना नहीं चाहिए, बल्कि उसका उपचार खोजना चाहिए। शासन द्वारा लगाए जा रहे हैं शिविर का हमें फायदा उठाते हुए अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जांच कराने के साथ ही हमारे शरीर में आने वाले ऐसी बीमारियों को रोक जो समय रहते उपचार हो सके। उसी प्रकार सिकलसेल बीमारी हमारे शरीर में ब्लड नहीं बना, शरीर के गांठ में दर्द के साथ सूजन होना, थकावट लगना इत्यादि शरीर को पूरी तरह कमजोर कर देती है। शरीर में ब्लड नहीं बनने पर ब्लड चढ़वाना पड़ता है। इस बीमारी को हम सभी को इलाज कर जांच करना चाहिए। इस अवसर पर मितानिन टीम शांति साहू, मीना ठाकुर, सुनीता यादव, दिव्या कश्यप सहित अन्य उपस्थित रहे।

### मवेशी से भरा पिकअप छोड़ भागे तस्कर

**कोरबा।** एक पिकअप वाहन में 10 मवेशियों को भरकर तस्करी के लिए झारखंड ले जाया जा रहा था। जैसे ही पुलिस को इसकी भनक लगी तो तस्कर हाईवे पर ही गाड़ी छोड़कर भागने लगे। जब पुलिस ने पिकअप वाहन को जप्त किया तो उसमें से दो मवेशियों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने तस्करों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर आरोपियों की खोजबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पिकअप क्रमांक जेएच 01 डीजी 5436 में 10 मवेशियों को भरकर तस्करी के लिए झारखंड ले जाया जा रहा था। देर रात लगभग 11:30 बजे बांगो पुलिस को इसकी सूचना मिलने पर लालपुर के पास आरोपियों की धरपकड़ के लिए घेराबंदी की गई थी ।

**// आमसूचना //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकारगण संतराम विश्वकर्मा, शिवराम विश्वकर्मा, जयराम विश्वकर्मा सभी पिता स्व. गुहाराम, सभी जाति लोहार, निवासी- ग्राम लालपुर, थाना व तहसील रतनपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्नाशय का आमसूचना प्रकाशित करता हूं कि मेरे पक्षकारगण द्वारा मौजा चपोरा, प.ह.नं. 20, रा.नि.मं. व तहसील रतनपुर, जिला बिलासपुर स्थित खसरा नंबर कमशः 398/2, 406, 553/1, 553/2 रकबा क्रमशः 0.60, 1.10, 0.14, 0.24 एकड़ के संबंध में न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 कोटा जिला बिलासपुर के समक्ष व्य. वाद क्र. 23-ए/2022 पक्षकार संतराम विश्वकर्मा वगैरह विरूद्ध बुंदकुंवर बाई वगैरह संस्थित किया गया है जो स्थगन आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 39 नियम 1, 2 व्य.प्र.सं. पर सुनवाई हेतु विचाराधीन है। उक्त व्यवहार वाद के लंबित होने की जानकारी प्रीतम कुमार विश्वास, उम्र लगभग 32 वर्ष, पिता गोपालकृष्ण विश्वास निवासी-महामाया पारा चपोरा, थाना व तहसील रतनपुर, जिला बिलासपुर को होने तथा मात्र राजस्व अभिलेखों में अवैधानिक ढंग से अपने नाम पर दर्ज करा लेने के आधार पर उक्त वर्णित भूमि में से खसरा नंबर 398/2 रकबा 0.60 एकड़ एवं खसरा नंबर 553/1 रकबा 0.14 एकड़ को अन्य व्यक्ति के पास विक्रय करने का प्रयास कर रहा है, जबकि उक्त वर्णित सम्पूर्ण भूमि पर मेरे पक्षकारगणों का दखल कब्जा है तथा प्रीतम कुमार विश्वास को उक्त भूमि को विक्रय करने का कोई विधिक अधिकार नही है।

अतः इस आमसूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, निगम, निकाय, शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था, बैंक आदि द्वारा उक्त वर्णित भूमि खसरा नंबर 398/2 रकबा 0.60 एकड़ एवं खसरा नंबर 553/1 रकबा 0.14 एकड़ के संबंध में किसी भी प्रकार का लेन-देन, खरीदी-बिक्री, संव्यवहार किया जाता है, तो वह कानून एवं विधि अनुसार अवैध, शून्य एवं छलपूर्वक निष्पादित कराया गया दस्तावेज माना जावेगा और संव्यवहार करने वाले के विरूद्ध मेरा पक्षकार समस्त कानूनी एवं विधिक कार्यवाही करने का अधिकारी होगा और उसे कोई भी स्वत्व की प्राप्ति नही होगा।

सो सूचना जाने!
दिनांक : 27/12/2023
स्थान : बिलासपुर (छ.ग.)
भवदीय
(रामेश्वर कश्यप)
अधिवक्ता
मो. 9993194030

**आम सूचना**

मौजा लिंगियाडीह प.ह.न. 31/20 रा.नि.म. बिलासपुर, विकास खण्ड बिल्हा, अन्तर्गत नगर पालिका निगम बिलासपुर छत्तीसगढ़, ग्राम पंचायत लिंगियाडीह के 'शिवम सिटी' के अन्तर्गत स्थित भूमि (ले-आउट प्लाट नंबर-38) किस्म जमीन परिवर्तित भूमि, शीट नंबर 10, खसरा नंबर 198/313, 198/314 में से क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट (111.524 वर्गमीटर) स्थित है, को श्रीमती ममता राय पति श्री मोहनलाल राय आयु 51 वर्ष जाति कलार निवासी छिंदडांड कालोनी, बैकुंठपुर, जिला कोरिया छत्तीसगढ़ वाले ने अपने स्वामित्व की भूमि होना कहते हुए उक्त भमि पर बने मकान को श्री सतीश कुमार तिवारी पिता श्री लाल मणि तिवारी आयु 45 वर्ष, पेशा अधिवक्ता, निवासी राजकिशोर नगर, थाना सरकण्डा, तह. व जिला बिलासपुर (कार्यालय पता- अशोक बिहार कालोनी, फेश-2, चांटीडीह, बिलासपुर छत्तीसगढ़ मो नंबर 8817888152) वाले के पास बिक्री करने का पक्का सौदा 25,00,000/- रूपये (पच्चीस लाख रूपये) में किया है, और दिनांक 26.11.2023 को बिक्री पेटे राशि 1,00,000/- रू. (एक लाख रूपये) नगद श्रीमती ममता राय पति मोहनलाल राय, ने सतीश कुमार तिवारी से प्राप्त कर चुकी है। निकट भविष्य में उपरोक्त भूमि एवं मकान की रजिस्ट्री निष्पादित होना है। अतः इस आम सूचना के जरिये आम जनता, बैंक, निगम निकाय, को सूचना दी जाती है कि उपरोक्त भूमि एवं मकान के संबंध में अपना किसी भी प्रकार का हित समझते हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के अन्दर मय दस्तावेज सहित अपनी आपत्ति / दावा मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि अवसान होने के पश्चात की जाने वाली किसी भी प्रकार की दावा / आपत्ति विधिमान्य नही होगी।

सो सूचना जाने ।
भवदीय
सुरेश कुमार देवांगन
अधिवक्ता
57. अशोक बिहार कालोनी
साईस कॉलेज रोड) चांटीडीह, बिलासपुर(छ.ग.)
मो. 98274-97514

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सिरगिट्टी तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

-: सूचनाः-

क्रमांक/क/रा.नि./2023 सिरगिट्टी, दिनांक 15.12.23

प्रति,
1. प्रकाश लाडीकर 2. जमुना कौशिक, 3. प्रवीण कुमार झा 4. अन्य सर्व संबंधित।

**विषयः** सीमांकन में उपस्थिति बाबत्।
**संदर्भः** न्यायालय तहसीलदार/अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर का ज्ञापन क्र/क/ तह. /वाचक /2023 बिलासपुर दिनांकः 29.12.2023

आवेदक प्रकाश लाडीकर निवासी दयालबंद बिलासपुर द्वारा ग्राम-परसदा प.ह.नं.49 रा.नि.मं. सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 2/9 रकबा 0.1090 हे. के सीमांकन हेतु न्यायालय नायब तहसीलदार/ तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन 22/12/23 को समय प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे किया जावेगा।

आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**टीपः-** 1. आवेदक सीमा चिन्ह स्थित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 2. पटवारी हल्का नंबर 49 अभिलेख सहित मौके पर उपस्थित होंवे।

राजस्व निरीक्षक,
सिरगिट्टी, बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने आसामी भानू प्रताप साहू पिता लाला राम साहू निवासी अमोरा जाँजगीर-चांपा छ.ग. वाले से अधिकृत होकर यह आम सूचना प्रकाशित करता हूँ मौजा मोपका प.ह.नं.-29, रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला- बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 868/8 में से रकबा 1200 वर्गफुट है, जो कि सुशील चौधरी पिता दिलीप कुमार चौधरी निवासी गांधी चौक बिलासपुर के नाम पर दर्ज है। उपरोक्त भूमि को मेरे आसामी ने क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है।

अगर किसी व्यक्ति/संस्था/ बैंक /निजी निकाय को किसी प्रकार की कोई आपत्ति है तो 05 दिवस के अंदर मय दस्तावेज सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि निकलने के पश्चात किये जाने वाले आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।
दिनांक : 26.12.2023
स्थानः बिलासपुर
भवदीय
वेद प्रकाश विश्वकर्मा (अधिवक्ता)
मो.9907444307, 9505990150

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा ग्राम महमंद प.ह.नं. 44 रा.नि.मं. सिरगिट्टी तहसील बिलासपुर अंतर्गत नगर पालिका निगम क्षेत्र बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 7/4 क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट जिसे तोषराम पिता स्व. कर्महा निवासी एस 3/6 अन्नपूर्णा विहार गणेश नगर एयरटेल मोबाईल टावर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. वाले ने योगेश्वर प्रसाद पिता तोषराम निवासी वार्ड नं. 44,6/3 बिलासपुर तहसील व जिला0 बिलासपुर छ.ग. को विक्रय किया था जिसका पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 20/12/2017 पंजीयन क्रमांक 2782 पंजीयन कार्यालय बिलासपुर छ.ग. में पंजीयन कराया गया था जो गुम हो गया है, उक्त भूमि को योगेश्वर प्रसाद के द्वारा श्रीमती नीतू सिंह को विक्रय किया गया है, उक्त भूमि पर वर्तमान में श्रीमती नीतू सिंह का मालिकाना हक व कब्जा है, उक्त विक्रय पत्र की मूल प्रति श्री योगेश्वर प्रसाद से कही गुम हो गयी है। श्रीमती नीतू सिंह के द्वारा उक्त भूमि को विक्रय करने हेतु श्री योगेश्वर प्रसाद के पक्ष में इकरारनामा दिनांक 14/12/2023 निष्पादित किया गया है। श्री योगेश्वर प्रसाद के द्वारा डी.सी. बी. बैंक बिलासपुर में ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, वित्तिय संस्थान, बैंक, समिति को कोई आपत्ति हो तो अविलंब दस्तावेजों के साथ मेरे कार्यालय में एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधी पश्चात आपत्ति अमान्य होगा ।

सो सूचना जानें।
दिनांक 22/12/2023
भवदीय
एम.एल. यादव
अधिवक्ता बिलासपुर छ.ग.
मो. 9300325314

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सरकण्डा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

-: सूचनाः-

क्रमांक/क/रा.नि./2023 बिलासपुर, दिनांक 26.12.2023

प्रति,
(1) संजय कुमार दुबे (2) दिनेश कुमार शर्मा जी (3) गौरीदास मानिकपुरी (4) सीता राम साहू (5) श्रीमती योगिता तिवारी (समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/आवेदक के बताए अनुसार)

**विषयः** सीमांकन में उपस्थित होने बाबत्।
**संदर्भः** न्यायालय तहसीलदार/ अतिरिक्त तहसीलदार का ज्ञापन क्र/क/ तह. /वाचक /2023 बिलासपुर दिनांकः 24.05.23

आवेदक संजय कुमार दुबे निवासी सरकण्डा के द्वारा सरकंडा प.ह.नं.32 रा.नि.मं. सरकण्डा तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 464 रकबा 0.25 एकड़ के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार/ अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन आदेशानुसार आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 04/01/24 को समय 11 Am- 5 pm बजे किया जावेगा।

अतः आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यतः उपस्थित उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक, सरकण्डा,
तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)




# बिजली चोरी रोकने जनवरी से घरों में प्रीपेड स्मार्ट बिजली मीटर लगाने का काम होगा शुरू, घर बैठे उपभोक्ता कर सकेंगे रिचार्ज

तीन चरणों में होगा काम, पहले ट्रांसफार्मर, फिर घरेलू उसके बाद कमर्शियल उपभोक्ताओं के मीटरों को बदला जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के 3.75 लाख बिजली उपभोक्ताओं के लिए प्रीपेड डिजिटल स्मार्ट मीटर लगाने का काम अब जनवरी 2024 से शुरू होगा। यह मीटर लगने के बाद बिजली चोरी के मामले में कमी आएगी। साथ ही उपभोक्ताओं को बिल पटाने बिजली कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

नवंबर 2022 से ही स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू होना था। बिजली कंपनी के अधिकारियों ने इसके लिए बाकायदा टेंडर प्रक्रिया भी कर दी थी। टेंडर प्रक्रिया होने के बाद 10 नवंबर को इसे खोलना था। टेंडर खोलने के दौरान तकनीकी दिक्कत आने से यह प्रक्रिया अटक गई। कंपनी के अधिकारियों ने अब सर्वे रिपोर्ट हेड ऑफिस भेजा है। लिहाजा मीटरों को स्मार्ट मीटर में तब्दील करने का काम जनवरी, 2024 से शुरू करने की तैयारी चल रही है। बिजली कंपनी के अधिकारी के मुताबिक प्रीपेड स्मार्ट मीटर तीन चरण में लगाने की तैयारी की गई है। पहले चरण में ट्रांसफार्मरों में लगे मीटरों को बदलना, दूसरे चरण में घरेलू उपभोक्ताओं के मीटरों को बदला जाना था और फिर तीसरे चरण में कमर्शियल उपभोक्ताओं के मीटरों को बदला जाएगा।

## रेलवे क्षेत्र में 600 प्री-पैड मीटर लग चुके

रेलवे स्टेशन के सभी स्टॉल व बुधवारी बाजार के करीब 1100 कमर्शियल कनेक्शन के लिए प्री-पेड मीटर लगाए जा रहे हैं। अब तक 600 मीटर लगाए जा चुके हैं। ऐसे में रेलवे को मीटरों की रीडिंग और कनेक्शनों की मॉनिटरिंग नहीं करानी पड़ेगी। बालको भारत एल्युमिनियम परिक्षेत्र के बाद रेलवे दूसरा ऐसा उपक्रम है, जो स्मार्ट मीटर लगा रहा है। अभी रेलवे नो प्रॉफिट-नो लॉस के तहत सीएसईबी से 8.92 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीद रहा है। कमर्शियल कनेक्शन से प्रति यूनिट 12.5 रुपए तो घरेलू कनेक्शनों पर 10 पैसे सेस जोड़कर 4.10 रुपए से अधिकतम खपत 600 यूनिट से अधिक पर 8.63 रुपए प्रति यूनिट चार्ज कर रहा है।

## भेज दी गई है रिपोर्ट

स्मार्ट डिजिटल मीटर लगवाने के लिए सर्वे कराने के बाद रिपोर्ट हेड ऑफिस भेज दी गई है। इसमें जिले के उपभोक्ताओं की संख्या दी गई है। टेंडर भी हो चुका है। जनवरी या फरवरी माह में शहर में स्मार्ट मीटर लगने का काम शुरू हो जाएगा।

**- सुरेश जांगड़े**
अधीक्षण यंत्री बिजली विभाग।

## यूपीआई से कर सकेंगे रिचार्ज

स्मार्ट मीटर लगने से सिस्टम में कई तरह के बदलाव आएंगे। बिजली चोरी रुकने के साथ ही उपभोक्ता घर बैठे ही मोबाइल से बिजली उपभोक्ता गूगल-पे, फोन-पे और पेटीएम जैसे पेमेंट गेटवे से मीटर रिचार्ज कर सकेंगे। इसके अलावा विभाग के पास यह शिकायत कभी भी नहीं आएगी कि इस महीने ज्यादा बिल आ गया, क्योंकि जितनी बिजली वे जलाएंगे, उतना रीचार्ज उपभोक्ता को करना होगा।

## व्यापारिक संस्थानों, उद्योगों में लगवाना होगा अनिवार्य

स्मार्ट मीटर घरों के साथ ही व्यापारिक संस्थानों, उद्योगों में अनिवार्य रूप से लगाया जाएगा। इससे फायदा यह होगा कि रीचार्ज करवाने से बिल का भुगतान करने की समस्या खत्म हो जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि पहले से रीचार्ज करवाने से अधिकतर उपभोक्ता ज्यादा बिजली खर्च करने से बचेंगे।

## खबर संक्षेप



### फसल बीमा की धीमी प्रगति पर कलेक्टर सख्त

**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण ने 27 दिसंबर को रबी फसलों के लिए संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बीमा की अत्यंत धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर की है। रबी फसलों की बीमा के लिए अब केवल 4 दिन ही शेष रह गए हैं। अंतिम तिथि 31 दिसम्बर है। कलेक्टर ने मौसम की अनिश्चितता को देखते हुए अधिकाधिक किसानों को बीमा करा लेने की अपील की है। उन्होंने अधिकारियों से अधिसूचित गांवों के एक-एक किसानों से प्रत्यक्ष सम्पर्क कर बीमा के लिए समझाइश एवं मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए। कृषि, उद्यान एवं बीमा कम्पनी के अधिकारियों को आपसी तालमेल के साथ बचे 4 दिनों में अभियान छेड़कर तेजी से काम करने कहा है। उन्होंने कहा कि सीएससी अथवा बैंकों में आवश्यक कागजात लेकर जाने से आसानी से बीमा हो जाएगा। उन्होंने बैंक अधिकारियों को भी इसके लिए निर्देशित कर दिए हैं।

### मेधावी छात्र अलंकरण 30 को रायपुर में

**बिलासपुर।** प्रदेश के सरस्वती शिशु मंदिर के मेधावी एवं हाईस्कूल हायर सेकेंडरी की परीक्षा में मेरिटोरियस छात्र-छात्राओं का अलंकरण समारोह 30 दिसंबर को दोपहर 2:30 बजे रायपुर में आयोजित किया गया है। सरस्वती शिक्षा संस्थान मुख्यालय रोहणीपुरम में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएम विष्णुदेव साय होंगे। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के महामंत्री अवनीश भटनागर मुख्य वक्ता होंगे। संस्थान के सचिव विवेक सक्सेना परीक्षा प्रकोष्ठ के भानुप्रकाश सोनी ने मेधावियों से समय पर उपस्थित होने का निवेदन किया है।

### हीराकुंड में अतिरिक्त एसी थ्री कोच

**बिलासपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 20807/20808 विशखापट्टनम-अमृतसर-विशखापट्टनम हीराकुंड एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी 3 कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। 20807 विशाखापटनम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा विशखापट्टनम से 29 दिसम्बर को और 20808 अमृतसर-विशाखापटनम हीराकुंड एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-03 कोच की सुविधा अमृतसर से 31 दिसम्बर को उपलब्ध रहेगी।

### कछार में जुआ खेलते पकड़े गए 8 जुआरी

**बिलासपुर।** कोनी पाल सतपथी ने मुखबिर की सूचना पर स्टाफ के साथ ग्राम कछार के खार में दबिश देकर जुआ खेलते संजय दिनकर, चंद्र भारद्वाज, विनय कार्यवान, रामरतन, रामधार लहरे, विजय बंजारे, दुकालू राम बंजारे, गोविंद पाटले को पकड़कर उनके पास से 2400 रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### बस से यात्री का लैपटाप चोरी

**बिलासपुर।** बस में सफर कर रहे यात्री का लैपटाप चोरों ने चोरी कर लिया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, व्यापार विहार निवासी परमेश्वर डडसेना पिता सुखूराम डडसेना 21 दिसंबर को कर्वधा से बस क्रमांक सीजी 10 जी, 1488 में शहर आ रहे थे। उन्होंने बस के ऊपर की बर्थ पर लैपटाप सहित पूरा सामान रख दिया था। उसलापुर ब्रिज के पास चेक किए तो लैपटाप व सामान रखा हुआ था। महाराणाप्रताप चौक के पास उतरते समय देखा तो बर्थ से उनका लैपटाप चोरी हो गया था। शिकायत के आधार पर पुलिस चोरों की पतासाजी की, किन्तु पता नहीं चल पाया है। 26 दिसंबर को श्री डडसेना की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## कलेक्टर ने सिम्स का किया आकस्मिक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# सिम्स में टोकन सिस्टम होगा शुरू मरीजों को नहीं लगानी होगी लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स में इलाज के लिए आने वाले मरीजों व उनके परिजन को अब पंजीयन के लिए घंटों लाइन में खड़ा नहीं होना होगा। अब जल्द ही सिम्स में टोकन सिस्टम शुरू किया जाएगा। कलेक्टर अवनीश शरण ने टोकन सिस्टम को जल्द की प्रारंभ करने के निर्देश अस्पताल अधीक्षक को दिए।

दरअसल कलेक्टर अवनीश शरण ने बुधवार की शाम सिम्स अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। करीब घण्टे भर तक विभिन्न वार्डों का दौरा कर अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने मरीजों की सुविधा के लिए पंजीयन विभाग में टोकन सिस्टम शुरू करने के निर्देश अस्पताल अधीक्षक को दिए ताकि मरीजों को लाइन में अनावश्यक खड़ा न रहना पड़े।



### दो लिफ्ट खराब, तत्काल सुधारने दिए निर्देश

स्त्री रोग विभाग के बाहर गलियारे में मरीजों के परिजन के बैठने के लिए अतिरिक्त कुर्सियां लगाने कहा। कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल कुर्सियां लगाई गई। निरीक्षण के दौरान सिम्स में खराब दो लिफ्ट मिले, जिसे उन्होंने तत्काल सुधरवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा मरीजों की सुविधा के लिए अतिरिक्त लिफ्ट का प्रस्ताव भी तैयार करने कहा।

### डॉक्टरों के ड्यूटी चार्ट में मोबाइल नंबर भी दें

कलेक्टर श्री शरण ने डॉक्टरों की ड्यूटी चार्ट सुस्पष्ट अक्षरों में मोबाइल नम्बर के साथ प्रदर्शित करने कहा है। कलेक्टर ने सीएमएचओ को निर्देश दिए कि प्राइवेट अस्पताल के डॉक्टर भी प्रिस्क्रीपशन कैपिटल अक्षरों में ही लिखेंगे। कलेक्टर ने अस्पताल में फर्श पर हुई टूटफूट की तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल परिसर में गुटखा खाकर आने वाले लोगों पर पाबंदी लगाने कहा। गुटखा खाने पर 500 रूपए का जुर्माना संबंधी निर्देश जगह-जगह पर डिस्पले करने कहा।

### सफाईकर्मियों को हर महीने 5 तारीख को भुगतान करने कहा

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाईकर्मियों से भी चर्चा की। सफाईकर्मियों ने बताया कि उन्हें हर महीने लगभग 25 तारीख को भुगतान किया जाता है। कलेक्टर ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित एजेंसी को हर महीने की 5 तारीख तक भुगतान करने कहा। रेडक्रास सोसायटी को 100 कंबल सिम्स में और 50 कंबल जिला अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# छग सराफा एसोसिएशन चुनाव को लेकर बनी विवाद की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छग सराफा एसोसिएशन के चुनाव को लेकर विवाद की स्थिति बन गई है। एक ओर छग सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल बरडिया ने 24 दिसंबर को एक पत्र जारी किया था, जिसमें छग सराफा एसोसिएशन द्वारा 7 जनवरी को आयोजित सम्मेलन को लेकर कहा गया था कि सराफा व्यापारियों के इस सम्मेलन में आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करने के साथ ही सराफा संगठन की सदस्यता के साथ ही चुनाव प्रक्रिया आरंभ करने के लिए चर्चा की जाएगी। वहीं 26 दिसंबर को सराफा एसोसिएशन के महामंत्री नरेंद्र दुग्गल ने यह बताया कि छग सराफा एसोसिएशन का चुनाव 7 जनवरी को ही होगा। जिसमें अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष का चयन साथ सराफा संगठन के 60 संघ के 180 पदाधिकारी मतदाता करेंगे और किसी को मतदान का अधिकार नहीं होगा। उन्होंने प्रदेश के 60 संघों को ही मतदान में हिस्सा लेने की जानकारी दी। वहीं बिलासपुर एवं अन्य जिलों के पदाधिकारियों ने 7 जनवरी को होने वाले इस चुनाव को असंवैधानिक बताया है। छग सराफा एसोसिएशन में इस विवादित चुनाव को लेकर सभी जिलों में असंतोष व्याप्त है।

- प्रदेश संगठन के पदाधिकारियों पर संविधान की धज्जियां उड़ाने एवं गलत बयान जारी कर सदस्यों को गुमराह करने का आरोप

### चुनिंदा लोगों का ही छग सराफा एसोसिएशन पर कब्जाः कमल



बिलासपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी ने कहा कि अभी तक प्रदेश की वर्तमान कार्यकारिणी ने सराफा एसोसिएशन के विस्तार एवं विकास के लिए कोई निर्णय नहीं लिया। उन्होंने ने आरोप लगाया कि रायपुर एवं राजधानी के आसपास ही संगठन के काम को सीमित कर दिया गया है। चुनिंदा चार-पांच लोग ही छग सराफा एसोसिएशन में पिछले कई सालों से अघोषित रूप से कब्जा जमाए बैठे हैं। इससे बिलासपुर, राजनंदगांव, रायपुर, रायगढ़, कोरबा सहित कई जिलों के संगठन के वरिष्ठ सदस्य असंतुष्ट हैं। श्री सोनी ने कहां कि संविधान संशोधन करने का प्रस्ताव अवैधानिक है, इसकी जिम्मेदारी नए कार्यकारिणी को करना चाहिए।

### छग सराफा एसोसिएशन के संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रहीः अजय



बिलासपुर सराफा एसोसिएशन के सचिव अजय सराफ ने छग सराफा एसोसिएशन के विवादित पदाधिकारियों पर छग सराफा एसोसिएशन के संविधान की धज्जियां उड़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों महामंत्री नरेंद्र दुग्गल ने बयान जारी कर बताया कि 7 जनवरी 2024 तक प्रदेश के अन्य जिलों के संगठन को जोड़कर एवं नए सदस्यों की रसीद काटकर नए साल में होने वाले संगठन के चुनाव में मतदान का अधिकार दिया जाएगा। लेकिन 26 दिसंबर को उन्होंने मीडिया में बयान जारी किया उसके मुताबिक महज 60 संगठन के पुराने मतदाता ही सराफा एसोसिएशन के चुनाव में हिस्सा ले सकेंगे। यह संविधान का उल्लंघन है और अवैधानिक प्रक्रिया है।

# पुलिस अधिकारियों ने शहर में पैदल मार्च कर युवकों को खदेड़ा



- सड़कों पर बेतरतीब खड़े वाहनों को हटाया
- ट्रैफिक नियमों का पालन करने की हिदायत दी
- ग्रुप बनाकर खड़े युवाओं को हिदायत देकर छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस अधिकारियों ने बल के साथ शहर में दो घण्टे पैदल मार्च किया। इस दौरान सड़कों पर बेतरतीब खडे होने वाहनो को हटाया गया और ट्रैफिक नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई है।

शहर में पुलिस की उपस्थिति दर्ज कराने अधिकारियों व थानेदारों को अपने अपने क्षेत्र में शाम को पैदल मार्च किया। बुधवार शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक एडीशनल एसपी अर्चना झा, सीएसपी संदीप पटेल, हेड क्वार्टर डीएसपी टीआई प्रदीप आर्या बल के साथ सिविल लाइन क्षेत्र के अग्रसेन चौक, भारतीयनगर, व्यापार विहार मार्ग, महाराणा प्रताप चौक, राजीव गांधी चौक, नेहरू चौक, मेन पोस्ट आफिस, बृहस्पतिबाजार जेल चौक तक पैदल चले। इस दौरान चौक चौराहों पर ग्रुप बनाकर खड़े होने वाले युवकों को हिदायत देकर खदेड़ा गया। सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहनों को हटाया गया। सड़क पर खड़े होने वाल ठेलावालों को हटाया गया। संदिग्ध रूप से घूमने वालों से पूछताछ की गई। इसी तरह कोतवाली, तारबाहर, सरकण्डा, कोनी, सकरी, सिरगिट्टी थानेदारों के द्वारा बल के साथ अपने अपने क्षेत्र में पैदल मार्च किया गया है।

# अवैध रूप से शराब बेचते 14 कोचिया खुले में शराब पीते 41 पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दो दिन के अभियान में पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने वाले 14 कोचिया व सार्वजनिक स्थान में शराब पीने वाले 41 शराबियों को पकड़ा है। कोचियों के कब्जे से 100 लीटर शराब जब्त किया गया है।

एडीशनल एसपी अर्चना झा ने बताया, एसपी संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर निजात अभियान के तहत जिले को नशा मुक्त बनाने 25 व 26 दिसंबर को सभी थाना प्रभारियों शहर व ग्रामीण क्षेत्रों सार्वजनिक स्थानों, तालाब किनारे, खुले मैदान, चौक चौराहों पर खुलेआम शराब पीने लोगों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 41 शराबियों को पकड़ा है। इसके साथ ही अवैध शराब बेचने वाले 14 कोचियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। उनके कब्जे से 100 लीटर अवैध शराब बरामद किया गया है। अभियान के दौरान जिले के तखतपुर में 10, सिविल लाइन में 8, हिर्री में 8, सिटी कोतवाली में 7, चकरभाठा में 7, कोटा में 5, सीपत में 3, बिल्हा में 3, मस्तूरी में 3, पचपेड़ी में 3, सरकण्डा में 2, तोरवा में 1, रतनपुर में 1 कार्रवाई की गई है।

### ढाबों में खुलेआम पिलाई जा रही शराब

हिर्री, चकरभाठा, सकरी, रतनपुर, कोटा, तखतपुर, कोनी क्षेत्र में नेशनल हाइवे में सैकड़ों की संख्या में ढाबा संचालित हो रहे हैं। शाम ढलते ही ढाबों में खुलेआम शराब पिलाई जा रही है। इसमें से अधिकांश ढाबा संचालक ग्राहकों को मनपसंद शराब उपलब्ध करा रहे हैं।

### मल्हार रेस्ट हाउस के पास सड़क पर शराबियों का मेला

मल्हार रेस्ट हाउस के पास शराब दुकान के पास सड़क के दोनों ओर बकरा, मुर्गा, मछली वाले दुकान लगाकर बैठे रहते हैं। यहां सुबह से देर रात तक शराबियों जमावड़ा लगा रहता है। खुलेआम सड़क में झुंड लगाकर लोग शराब पीते हैं। इससे स्कूली बच्चों व महिलाओं का इस मार्ग से गुजरना मुश्किल रहता है। शिकायत के बाद भी शराब पीने वालों पर कार्रवाई नहीं हो रही है।

### आरपीएफ ने जब्त किया 1 करोड़ 56 लाख का गांजा

**बिलासपुर।** रेलवे सुरक्षा बल ने ऑपरेशन नार्कोस अभियान के तहत 1.56 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के नशीले पदार्थ जब्त किया गया है। यह अभियान नारकोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक पदार्थों के बढ़ते खतरे की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए शुरू किया गया। इस ऑपरेशन के तहत रेलवे सुरक्षा बल ने रेलवे के माध्यम से नारकोटिक्स उत्पादों को ले जाने वाले वाहक/ट्रांसपोर्टरों के विरुद्ध तीव्र कार्रवाई की है। अवैध व्यापार में शामिल ड्रग पेडलर्स को लक्षित करने के लिए एनसीबी और अन्य एलईए के समन्वय से ट्रेनों और चिन्हित ब्लैक स्पॉट में जांच भी तेजी लाते हुए अभी तक 1.56 करोड़ रुपये के लगभग 1248 किलोग्राम विभिन्न नशीले पदार्थों के उत्पादों को बरामद और 119 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके व्यापक नेटवर्क के कारण अपराधियों द्वारा अक्सर लंबी दूरी की ट्रेनों का उपयोग एनडीपीएस को आम यात्रियों के रूप में ड्रग कैरियर्स को छिपाने के लिए विभिन्न राज्यों में तस्करी के लिए किया जाता है।

Opening TODAY
28 दिसंबर 2023
प्रातः 11 बजे

SMART ICU UNIT

SANJIVANI




स्मार्ट-ICU द्वारा उन्नत मरीज़ देखभाल




- भरोसेमंद और पारदर्शक देखभाल
- मरीज़ संतुष्ट
- विश्वस्तरीय ICU चिकित्सा अब आपके नज़दीक
- अत्याधुनिक तकनीक से मरीज़ों की देखभाल
- 2 स्पेशलिस्ट टीम द्वारा 24X7 मरीज़ों की निगरानी

मुख्य अतिथि
प्रो. ए.डी.एन. बाजपेई
कुलपति, अटल बिहारी बाजपेई विश्वविद्यालय, बिलासपुर, छत्तीसगढ़
डॉ. बंशगोपाल सिंह
कुलपति, पंडित सुंदर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़

अतिथि
डॉ. प्रशांत द्विवेदी
IMA, अध्यक्ष
डॉ. राजेश शुक्ला
CMHO, बिलासपुर, छत्तीसगढ़
डॉ. पार्थ सारथी घोष
Founder's office, Consultant Intensivist, Cloudphysician, Bengaluru

प्रतीक्षारत
Dr. Vinod Tiwari
MS Ortho, D.Ortho
Orthopedic Specialist
Dr Sanjana Tiwari
MS(surgery), FMAS, FIAGES, FALS
Laparoscopic and Laser Surgeon

SANJIVANI HOSPITAL
Ware House Road, BILASPUR (C.G.)

FOLLOW US ON
@sanjivanihos
@sanjivani_hos_
sanjivani_hospital_
@vinodbsp

SCAN FOR LOCATION

FOR APPOINTMENT : 07752-412018, 9424168808, 9111777291, 9406435002, 9406433007
www.sanjivanihospital.org hospital_sanjivani@reddifmail.com

# युवक को बेरहमी से पीटा, सिम्स में भर्ती

**बिलासपुर।** देर रात घर लौट रहे युवक की एक बदमाश ने गाली गलौज करते हुए बेसबाल स्टिक से पिटाई कर दी। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, पचरीघाट केंवटपारा निवासी जतिन बेन 26 दिसंबर की रात 12.45 बजे दुकान से पैदल घर जा रहे थे। सांई मंदिर के पास पीछे से राहुल केंवट आया और गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर उसने बेसबाल कि स्टिक से ताबड़तोड़ हमला कर दिया और भाग गया। सूचना पर घरवाले व पेट्रोलिंग गाड़ी पहुंची तो वे सड़क पर घायल अवस्था में पड़े थे। पेट्रोलिंग गाड़ी से ले जाकर उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बड़े भाई गौतम बेन की रिपोर्ट पर हमलावर के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।




जेडी बोले - हाईकोर्ट के निर्देश पर पूरी की जा रही पदोन्नति प्रक्रिया

# पदोन्नति के लिए काउसिलिंग, स्कूलों की लिस्ट छिपाने को लेकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बुधवार को संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय में सुबह 10 बजे से पदोन्नति पाने वाले शिक्षक पहुंचे और आपने मनचाहे स्कूल में पदस्थ होने अधिकारियों द्वारा चस्पा किए गए स्कूलों की सूची देखने लगे।

इस बीच शिक्षकों ने आरोप लगाया कि पिछली बार की तरह इस बार भी पदोन्नति में गड़बड़ी की जा रही है, क्योकि संभाग में हिन्दी विषय के लिए अलग-अलग स्कूलों में तकरीबन 900 स्कूलों में जगह रिक्त है, लेकिन काउसिलिंग के दौरान केवल 248 स्कूलों में चयन का ऑप्शन दिया जा रहा है। रिक्त पदों की जो सूची जारी कि गई है। उसमें आधे से अधिक स्कूलों की जानकारी नहीं दी गई है। इसके अलावा शिक्षकों ने यह भी आरोप लगाया कि जुलाई 2023 में विषयवार पदोन्नति को समाप्त कर दिया गया है। राजपत्र में भी यह जारी किया है। ऐसे में ओवर ऑल वरिष्ठता सूची के हिसाब से पदोन्नति होनी चाहिए, लेकिन इस नियम का भी पालन नहीं किया जा रहा है। सुबह से दोपहर तक काउसिलिंग के दौरान इन बातों को लेकर शिक्षक हंगामा मचाते रहे। इस बीच अफसरों ने 248 में से 125 शिक्षकों का काउसिलिंग कराकर उन्हें उनके द्वारा चयनित किए गए स्कूलों में पदोन्नति देने की कार्रवाई की।



### हाईकोर्ट के निर्देश पर हो रही काउंसिलिंग

हिन्दी विषय के शिक्षकों को पदोन्नति दी जा रही वो हाईकोर्ट के निर्देश पर हो रहा है। डीपीसी सदस्यों ने इसके लिए अनुमोदन भी लिया है। पहले शिक्षक विहिन और एकल शिक्षक वाले स्कूलों में शिक्षकों को पदोन्नति दी जा रही है। इसलिए इन्ही स्कूलों की जानकारी काउसिलिंग के दौरान शिक्षक को दी जा रही है।

**-आरपी आदित्य,** संयुक्त संचालक शिक्षा बिलासपुर।

# खनिज विभाग की कार्रवाई, 6 वाहन जब्त



**बिलासपुर।** खनिज विभाग ने एक बार फिर कार्रवाई करते हुए 6 गाड़ियों को जब्त किया है। अवैध उत्खनन और परिवहन के मामले में इन पर करीब 3 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई गई है। इसके साथ ही मोपका क्षेत्र में जांच के दौरान अवैध मिट्टी ईट उत्खनन के एक प्रकरण दर्ज कर एक लाख पांच हजार 300 रुपए जुर्माना लगाया।

सरकार बदलते ही खनिज विभाग का अमला सक्रिय हो गया है। अवैध उत्खनन और परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार की रात और बुधवार को ग्राम भिलौनी तहसील मस्तूरी क्षेत्रों में सतत निरीक्षण कर अवैध खनिज परिवहन कर रहे पांच वाहनों को जब्त कर खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। जब्त किए गए पांच ट्रैक्टर में रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा था। उक्त सभी वाहनों को थाना पचपेड़ी में रखा गया है। जब्त किए गए वाहनों पर खनिज अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है। खनिज अमले द्वारा रेत उत्खनन हेतु प्रतिबंधित क्षेत्रों का भी सतत निरीक्षण किया जा रहा है। उक्त क्षेत्र से यदि अवैध रेत उत्खननव परिवहन के मामले दर्ज होने पर पुनः एफआईआर अथवा न्यायालय में परिवाद दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है।










## खाईवाल पर कार्रवाई नहीं, सटोरिया गया जेल

**बिलासपुर।** सट्टा खिलाते एक सटोरिए को पुलिस ने पकड़कर कोर्ट में उसके पुराने मामले का रिकार्ड पेश किया। उसके आधार पर सटोरिए को जेल भेज दिया गया है, किन्तु खाईवाल पर कार्रवाई नहीं की गई है। सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली देवकीनंदन चौक में सट्टापट्टी लिखकर जुआ खिला रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर सट्टा खिलाते जरहाभाठा मिनीबस्ती निवासी प्रेम लाल छात्रे पिता कार्तिक राम छात्रे 40 साल को पकड़ लिया है। उसके पास से 1995 रुपए व सट्टापट्टी बरामद की गई है। पूर्व में वह सट्टा खिलाते 12 से 13 बार पकड़ा जा चुका है। पुलिस ने उसका पुराना रिकार्ड लगाते हुए उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। मजेदारबात यह है कि सटोरिया जिसके लिए सट्टापट्टी लिख रहा था, उस खाईवाल पर कार्रवाई नहीं की गई है। सटोरिया प्रेम लाल छात्रे लंबे समय से सिविल लाइन क्षेत्र में सट्टाबाजार चलाने वाले एक चर्चित खाईवाल के लिए काम कर रहा है।



## खबर संक्षेप

### पूर्व विधायक मुनीराम की जयंती पर कम्बल वितरण



**लोरमी।** लोरमी के पूर्व विधायक स्व.मुनीराम साहू की जयंती और पुण्यतिथि के अवसर पर भावभीनी श्रद्धासुमन अर्पित की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक के परिजन और जिला पंचायत सदस्य शीलू साहू ने स्व मुनीराम साहू की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित किया,.जिसमें विजय मिलने के बाद अपने प्रथम लोरमी दौरे पर आए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव भी शामिल हुए। डिप्टी सीएम अरुण साव ने पूर्व विधायक स्व.मुनीराम साहू को श्रद्धांजली देते हुए लोरमी क्षेत्र में उनके कार्यों और राजनीति में उनके अमूल्य योगदान को याद किया। इसी दौरान कड़ाके की ठंड को देखते हुए सैकड़ों गरीब और जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सदस्य शीलू साहू, स्वप्निल साहू, धनीराम यादव, प्रदीप मिश्रा, राकेश दुबे, विश्वास दुबे, हरिकिशन खत्री, दुर्गेश साहू, राधेश्याम साहू, संतोष साहू, हीरामणि तिवारी, गणेश साहू, अशोक साहू, अभिलाष साहू, सुरेंद्र साहू, मोहित साहू, राहुल चौबे सहित बड़ी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अटल बिहारी वाजपाई के आदर्श जीवन पर संगोष्ठी, कविता पाठ



**पेंड्रा।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर सुशासन दिवस में नगर पालिका गौरेला में सफाई अभियान चलाया गया। स्थानीय संजय चौक, पूरन तालाब, गांधी चौक में जनप्रतिनिधि, समस्त कर्मचारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, स्थानीय नागरिक, सफाई कर्मियों द्वारा अभियान चला। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती गंगोत्री राठौर, उपाध्यक्ष संदीप जयसवाल, पार्षद मोहित राजपूत,पार्षद संध्या राव, पार्षद तुलसी पेंड्रो, सीएमओ देवांगन जी, गोर्वधन राठौर, अभिनव ठाकुर सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर पालिका कार्यालय प्रांगण में विविध कार्यक्रम, स्व अटल बिहारी बाजपाई के आदर्श जीवन हेतु संगोष्ठी, कविता पाठ, निबंध का आयोजन रखा गया, जिसमें शहर के सम्मानीय नागरिकों को आमंत्रित किया गया! विशेष रूप से अध्यक्ष, पार्षद, वक्ता मथुरा सोनी, गुलाब खान, बालकृष्ण अग्रवाल, निर्दोष पाठक द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी के जीवन के संबंध मे विचार प्रकट एवं कविता वाचन किया गया। स्कूली विद्यार्थियों द्वारा निबंध एवं कविता पाठ के कार्यक्रम में भाग लेकर सुशासन दिवस हेतु शपथ ग्रहण किया गया।

### नगर पालिका गौरेला में चला सफाई अभियान



**गौरेला।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर सुशासन दिवस में नगर पालिका गौरेला में सफाई अभियान चलाया गया। स्थानीय संजय चौक पूरन तालाब गांधी चौक में जनप्रतिनिधि, समस्त कर्मचारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी स्थानीय नागरिक सफाई कर्मियों ने अभियान चलाया, जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गंगोत्री राठौर, उपाध्यक्ष संदीप जायसवाल, पार्षद मोहित राजपूत, पार्षद श्रीमती संध्या राव, पार्षद तुलसी, पेंड्रा सीएमओ देवांगन, गोवर्धन राठौर, अभिनव ठाकुर सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यालय प्रांगण में सुशासन दिवस के अवसर पर शपथ ली गई। विविध कार्यक्रम स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी के आदर्श जीवन हेतु संगोष्ठी कविता पाठ निबंध का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम में शहर के सामान्य नागरिकों को आमंत्रित किया गया, जिसमें विशेष रूप से अध्यक्ष, पार्षद वक्ता मथुरा सोनी, गुलाब खान, बालकृष्ण अग्रवाल, पुष्पेंद्र त्रिपाठी, आशीष गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

### सभी के सहयोग से समाज का विकासः परमेश्वर



**दगोरी।** समाज को आगे बढ़ाने में सभी की सामान भागीदारी होती है। सभी के सहयोग से समाज का विकास होता है। उक्त बातें सन्नाड्य कुर्मी समाज छत्तीसगढ़ की सामाजिक भवन चकरभाठा में आयोजित पदाधिकारी कार्यकारिणी की बैठक में उपस्थित समाज के अध्यक्ष परमेश्वर कौशिक ने कही। उन्होंने कहा की समाज में नशा की प्रवित्तियो को स्वेच्छा से त्यागने तथा सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए कार्य करना चाहिए तथा सामाजिक विकास राष्ट्र भावना और जरूरतमंद को सहयोग करने की बात कही। समाज में आए प्रकरणों के विचार विमर्श पश्चात निराकरण सभी के सहयोग से किया गया। संचालन महामंत्री मनोज सन्नाडय ने किया। इस अवसर पर समाज के संरक्षक सुरेश कौशिक, बलदाऊ कौशिक, महेंद्र कौशिक, उपाध्यक्ष मुन्नी लाल सन्नाड, महामंत्री कृष्ण कुमार कौशिक, कोषाध्यक्ष गुरुजी संतोष कौशिक, महेंद्र कौशिक, महिला प्रकोष्ठ से श्रीमती गीतांजलि कौशिक, बृजनंदन वर्मा, सचिव बनवारी लाल सन्नाडय,राजेश कौशिक, दशरथ सन्नाट, रूपेंद्र कौशिक, भुवनेश्वर कौशिक, केशव वर्मा, मंगल सन्नाडय, उपाध्यक्ष बैसाखू राम कौशिक, आशाराम कौशिक, घनश्याम कौशिक, शशिकांत कौशिक, वरुण वर्मा, योगेश कौशिक, विमल कौशिक, भोपाल कौशिक, शिवचरण कौशिक, नरेंद्र सन्नाट, नवनीत, मेजर विजय कौशिक, नवीन कौशिक, रविशंकर कौशिक आदि मौजूद थे।

## प्रतिदिन 600 से अधिक किसानों को 1 करोड़ 40 लाख से अधिक का भुगतान

# किसानों को बोनस की राशि देने बैंक में पैसों का शार्टेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

दो वर्ष की बोनस राशि जारी होने के बाद जिला सहकारी बैंक में किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। जिला सहकारी बैंक में प्रतिदिन 600 से अधिक किसानों को लगभग 1 करोड़ 40 लाख से अधिक की राशि का भुगतान किया जा रहा है। किसानों की उमड़ी भीड़ के कारण बैंकों को मिली राशि भी कम पड़ गई। धान खरीदी व बोनस का भुगतान एक साथ होने के कारण बैंकों में रकम के शॉर्टेज की स्थिति निर्मित हो रही है, जिसके चलते लिमिट तय कर किसानों को भुगतान किया जा रहा है।

प्रदेश के नई सरकार के द्वारा अपने पिछले कार्यकाल वर्ष 2014-15, 2015-16 के बोनस राशि एक साथ दिए जाने की घोषणा के बाद 25 दिसंबर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर किसानों के खाते में राशि जमा कर दी गई। बोनस की उक्त राशि लेने के लिए दूसरे दिन से ही जिला सहकारी बैंक में किसानों की भीड़ उमड़ रही है। बैंक खुलते ही किसान वर्तमान में चल रही धान खरीदी भुगतान की राशि लेने किसान बैंक के बाहर खड़े रहते है। वहीं दो वर्ष का बोनस लेने के लिए भी किसान पहुंचे हुए थे। किसानों की उमड़ती भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैंक के कर्मचारियों को स्थिति संभालनी पड़ी। किसानों की संख्या एवं बैंक में उपलब्ध राशि को देखते हुए किसानों को 25 हजार रूपये तक का भुगतान किया जा रहा है। इससे जरूरतमंद सभी किसानों को समय पर भुगतान हो सके। उल्लेखनीय है कि ब्लाक मुंगेली अंतर्गत 2014-15 में 15 हजार 435 किसानों के खाते में 24 करोड़ 6 लाख रूपए से अधिक और वर्ष 2015-16 में 16 हजार 386 किसानों के खाते में 26 करोड़ 52 लाख रूपए से अधिक की राशि अंतरित की गई। ब्लाक लोरमी अंतर्गत 2014-15 में 14 हजार 643 किसानों के खाते में 22 करोड़ 96 लाख रूपए से अधिक और वर्ष 2015-16 में 15 हजार 649 किसानों के खाते में 25 करोड़ 19 लाख रूपए से अधिक की राशि अंतरित की गई। ब्लाक पथरिया अंतर्गत 2014-15 में 12 हजार 176 किसानों के खाते में 22 करोड़ 13 लाख रूपए से अधिक और 2015-16 में 12 हजार 747 किसानों के खाते में 24 करोड़ 31 लाख रूपए से अधिक की राशि अंतरित की गई, जिसे आहरण करने के लिये किसानों की भीड़ बैंक पहुंचने लगी है।



बोनस की राशि के लिए बैंक में किसानों की भीड़।

### खाते में बोनस आने पर भीड़

धान खरीदी का भुगतान एवं दो वर्ष का बोनस खाते में आने के चलते बैंक में किसानों की भीड़ बढ़ गई है। प्रतिदिन 600 से अधिक किसानों को 1 करोड़ 40 लाख से अधिक की राशि का भुगतान किया जा रहा है। भीड़ को देखते हुए क्षेत्रवार अलग-अलग दिनों में किसानों को भुगतान करने सुविधा दी गई है।

-**देवेन्द्र देवांगन**, प्रबंधक जिला सहकारी बैंक मुंगेली

### दो साल का बोनस लेने बैंक में उमड़ी किसानों की भीड़



**मल्हार।** किसानों के खाते में पिछली भाजपा सरकार के दो साल का बोनस आते ही मंगलवार को बैंकों में भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे बैंक कर्मियों को मशक्कत करनी पड़ गई। यही स्थिति बुधवार को भी रही। सोमवार 25 दिसम्बर को भाजपा के घोषणा पत्र मुताबिक किसानों के खाते में दो वर्ष का बोनस समायोजित किया गया, जिसके दूसरे दिन ही मंगलवार को भारी संख्या में किसान मल्हार स्थित जिला सहकारी बैंक के बाहर सुबह से ही जमा होने लगे और 11 बजे तक भीड़ उमड़ पड़ी व बैंक खुलते ही सैकड़ो की संख्या मे अपनी रकम निकालने लाइन में खडे हो गए। बोनस के अलावा अभी धान खरीदी भी चालू है, जिसके कारण किसानो की भीड़ प्रतिदिन लग रही है। इस बार बढ़ी हुई कीमत पर समर्थन मूल्य में धान खरीदी हो रही है, जिससे किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। उनको जल्द पैसा मिलने की आस है, इसलिए बैंक गुलजार है। शाखा प्रबंधक नरेंद्र राय ने बताया कि धान खरीदी के अलावा दो वर्ष का बोनस किसानों के खाते में आया है इसलिए कुछ दिनों तक किसानों की भीड़ रहेगी इसके अलावा वर्तमान में धान खरीदी भी हो रही है इस वजह से किसानो का आना जाना दिनभर हो रहा है। कैशियर धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि पिछले दो वर्ष के बोनस व वर्तमान के धान बेचने से खाते में आई रकम के लिए किसानों की भीड़ होने के कारण असुविधा हो रही है। हमारे सभी कर्मचारी व्यवस्था बनाकर बारी-बारी से किसानों को भुगतान कर रहे हैं, कुछ दिनों बाद हालात कुछ सामान्य हो जाएंगे, जिससे किसान कभी भी आकर भुगतान ले सकते हैं।

### टेढ़ाधौंरा के किसान विश्वनाथ को मिले बोनस के 9 लाख



**मुंगेली।** राज्य शासन द्वारा वर्ष 2014-15 और 2015-16 के लंबित धान के बोनस राशि का भुगतान किया गया। इससे जिले के किसानों में हर्ष व्याप्त है। मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम टेढ़ाधौंरा के रहने वाले किसान विश्वनाथ सिंह को भी धान बोनस के 9 लाख रुपए से अधिक की राशि प्राप्त हुई। उन्होंने मुख्यमंत्री का धन्यवाद दिया और कहा कि सरकार ने मोदी की गारंटी के जो भी वादे किए थे उसे पूरा करने के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रही है। किसान विश्वनाथ ने बताया कि वे 40 वर्षों से खेती-किसानी का काम कर रहे हैं, उनके पिता भी खेती-किसानी का काम करते थे। अब वे इस बोनस की राशि से बेटी की शादी धूमधाम से करेंगे। गौरतलब है कि नई सरकार बनते ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किसानों की भावनाओं को संवेदनशीलता से समझा और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिवस पर सुशासन दिवस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर अमल करते हुए प्रदेश के किसानों के खाते में खरीफ विपणन वर्ष 2014-15 और 2015-16 के लंबित बोनस राशि आनलाईन अंतरित किया, जिसमें मुंगेली जिले के 87 हजार 36 किसान भी शामिल हैं। किसानों के खाते में 145 करोड़ 20 लाख 90 हजार रुपए से अधिक की लंबित बोनस राशि अंतरित की गई। सरकार के इस निर्णय से किसानों को खेती कार्य के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। किसानों के जीवन में नया उमंग नया उत्साह आएगा। लंबित बोनस राशि मिलने से किसान विश्वनाथ सहित पूरे जिले के किसानों में हर्ष का माहौल है।

## लड्डुओं से तौलकर डिप्टी सीएम साव का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव मंगलवार को गौरकापा शनि एवं शिव मंदिर का दर्शन कर पूजा अर्चना कर आशिर्वाद तथा क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। श्री साव के स्थानीय रेस्ट हाउस पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने जमकर स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि लोगों ने जिस उम्मीद के साथ मुझे चुने है, मैं उनकी उम्मीद पर खरा उतरूंगा। क्षेत्र का विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर तखतपुर विधायक डाक्टर धर्मजीत सिंह भी उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री अरुण साव के प्रथम लोरमी आगमन पर लोरमी मुख्य मार्ग पंडरिया रोड तहसील चौक पर आतिशबाजी कर भाजपा के वरिष्ठ नेता विनय साहू व गणेश साहू सपरिवार वार्डवासियो के साथ लड्डुओ में तौलकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर पीयूष साहू, पूर्व पार्षद विनोद राजपूत, आयुष साहू, जितेंद्र साहू, अनुनय चौबे, परितोष राजपूत, ओमकार राजपूत, गोलू साहू, रोहन साहू, अवधेश पाण्डेय, भानु राजपूत, पीयूष खत्री, लक्ष्मी यादव, भोला पाण्डे, महेश खत्री सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

### 2 लाख 20 हजार परिवार को निःशुल्क खाद्यान्न

**मुंगेली।** जिले के 2 लाख 20 हजार से अधिक राशनकार्डधारी परिवारों को जनवरी से आगामी दिसंबर 2028 तक निःशुल्क खाद्यान्न मिलेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा गरीबों के हित में लिए गए निर्णय से जिले के अंत्योदय एवं प्राथमिकता राशन कार्डधारी परिवारों में हर्ष व्याप्त है। कलेक्टर राहुल देव ने जिला खाद्य अधिकारी को शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के समान ही छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जारी अंत्योदय एवं प्राथमिकता श्रेणी के राशनकार्ड धारियों को भी जनवरी 2024 से दिसंबर 2028 तक मासिक पात्रता का चावल का निःशुल्क वितरण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने निर्देश दिए हैं।

## प्रदेश में अब बनी है भरोसे की सरकारः प्रणव



**जीपीएम।** छत्तीसगढ़ की जनकल्याणकारी भाजपा सरकार द्वारा किसानों को दो वर्षों के बोनस मिलने पर मरवाही के नवनिर्वाचित विधायक प्रणव मरपच्ची, भाजपा के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंग राठौर, महामंत्री राकेश चतुर्वेदी, लालजी यादव, जिला मीडिया प्रभारी बालकृष्ण अग्रवाल, सह प्रभारी तापस शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार ने सत्ता सम्हालते ही छत्तीसगढ़ के किसानों को धान का बकाया बोनस का भुगतान करते हुए सुशासन दिवस के दिन 25 दिसम्बर को 3,716 करोड़ रुपए किसानों के खाते में सीधे जमा किया है। किसानों को दिए गए बोनस से किसानों के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन आएगा और अब किसानों का जीवन खुशहालीपूर्ण होगा।

भाजपा नेताओं ने कहा कि दो वर्षों में 1 करोड़ 23 लाख 49 हजार 034 मीट्रिक टन धान की कुल खरीदी हुई थी। भाजपा की सरकार ने आरंभ में ही किसानों को 2 वर्षों के धान का बकाया बोनस का भुगतान कर दिया है। भाजपा की सरकार ने अभूतपूर्व कदम उठाया है। भाजपा ही किसानों की सच्ची हितचिंतक है। खाद की सब्सिडी, सॉइल हेल्थ कार्ड किसान सम्मान निधि जैसी अनेक योजनाओं से केंद्र की मोदी सरकार ने किसानों को सीधा लाभ पहुंचाया है। मोदी की गारंटी के तहत प्रदेश की भाजपा सरकार ने 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी भी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल देश के लिए ही नहीं, अपितु पूरी दुनिया के लिए आशा का केंद्र बिंदु हैं। गांव, गरीब, मजदूर, किसान एवं महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार करने के लिए केंद्र की मोदी सरकार एवं राज्य की भाजपा सरकार प्रतिबद्ध है। सभी योजनाओं के सफल संचालन की नजर रखने के लिए अटल मॉनीटरिंग पोर्टल की भी शुरुआत की गई है, जो सभी कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की पल-पल की जानकारी रखेगा।

### सनातन संस्कृति की शिक्षा से बच्चे बनेंगे संस्कारवानः नरेंद्र



**पथरिया।** नगर में नौ दिवसीय भागवत कथा का आयोजन मंगलवार को संपन्न हुआ। वार्ड क्रमांक 12 में यादव परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा से माहौल भक्तिमय बना रहा। कथा वाचन नरेंद्र शास्त्री ने किया, वहीं यजमान के रूप में अमित यादव सपत्नी शामिल रहे। कथा के विश्राम दिवस मंगलवार को विधायक धरमलाल कौशिक के प्रतिनिधि के रूपः में उनके सुपुत्र भाजपा नेता डॉ देवेंद्र कौशिक कथा श्रवण कर शाहस्त्रधारा में शामिल हुए। पंडित नरेंद्र शास्त्री ने नौ दिनों तक भागवत कथा का वाचन कर भगवान श्रीकृष्ण लीला का सुंदर वर्णन किया। समापन दिवस पर कथा कहते हुए श्रोताओं से कहा कि वे अपने बच्चों को सनातन धर्म की शिक्षा प्रदान करें। उन्हें गीता रामायण पढ़ने के लिये प्रेरित करें। इससे बच्चे सनातन संस्कार प्राप्त करेंगे, जो समाज को हिंसा और कुरीतियों, व्यभिचारी प्रवित्तियों से मुक्त करने का एकमात्र माध्यम है। बेटों को नारी सम्मान के लिए प्रेरित करें, तभी हम बेटियों के लिये सुरक्षित वातावरण दे पाएंगे। डा.देवेंद्र कौशिक ने व्यासपीठ को प्रणाम कर श्रीफल भेंट किया। भागवत भगवान की पूजा अर्चना के बाद डा.कौशिक ने कहा कि संतो के प्रभाव से आज समाज मे धार्मिक वातावरण का प्रसार हो रहा है। पूरे देश में धार्मिक आयोजनों को बढ़ावा मिल रहा है। सबको व्यासपीठ ज्ञान देने वाले संतो की वाणी को आत्मसात करना चाहिए।

### अभिमान जीवन की सबसे बड़ी बुराईः वेदांती महाराज



**मुंगेली।** बीआरसाव हाईस्कूल मैदान में श्रीरामचरितमानस समिति द्वारा आयोजित श्रीराम कथा में जगतगुरु द्वाराचार्य डॉक्टर स्वामी रामकमल दास वेदांती महाराज ने धनुष यज्ञ प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक प्राणी का मुख्य कर्तव्य अपनी आत्मा रूपी कन्या सीता को परमात्मा राम को समर्पित कर देने में ही है। आत्मा और परमात्मा के मिलन में सबसे बड़ी बाधा हमारे जीवन में रखा हुआ अभिमान का धनुष है। वह जब तक नहीं टूटता तब तक हम अपनी आत्मा को श्रीराम से सम्मिलित नहीं कर सकते। प्रवचनकर्ता ने कहा कि अभिमान साधक के जीवन की सबसे बड़ी बुराई है, जो बड़े-बड़े महापुरुषों के जीवन से भी नहीं जाती। रामायण में हनुमान जी तथा लक्ष्मण जैसे राम भक्त के जीवन में भी अभिमान अंकुरित हुआ है। अभिमान को केवल ईश्वर की कृपा से ही मिटाया जा सकता है। धनुष यज्ञ में उपस्थित हुए सभी राजा खुद ही अभिमान में भरकर अपने-अपने बल और पौरुष का दिखावा कर रहे थे, इसलिए वे धनुष को तोड़कर सीता को प्राप्त करने में असफल हो गए। दूसरी ओर भगवान श्रीराम ने धनुष तोड़ते समय किसी प्रकार का दिखावा न करके अपने गुरु विश्वामित्र तथा श्रेष्ठ पुरुषों को प्रणाम किया और फिर उन्होंने बड़ी सहजता से कठोर धनुष को उठाकर तोड़ दिया। समाज के श्रेष्ठ कामों को विनम्र और अभिमान रहित प्राणी ही संपादित कर पाते हैं। स्वामी वेदांती महाराज ने संगीत की मधुर स्वर लहरियों के साथ श्री राम विवाह के प्रसंग को साकार कर दिया था।

### राधाकृष्णा मंदिर प्रांगण में छात्रों का सम्मान



**मल्हार।** यादव ठेठवार समाज बरतोरी राज के द्वारा वार्षिक कैलेंडर विमोचन एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन 26 दिसम्बर को राधा-कृष्णा मंदिर मल्हार के प्रांगण में रखा गया। इसमें आतिथियो के इष्ट देव श्रीराधा-कृष्ण की पूजा अर्चना के बाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई। उपस्थित अतिथि एवं समाज के वरिष्ठ द्वारा सामाजिक कैलेंडर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में बरतोरी राज के विभिन्न ग्रामो से पहुंचे हुए 16 प्रतिभावान छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह कलम सहित समाज द्वारा निर्धारित सहयोग से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिलासपुर जिला पंचायत सभापति संदीप योगेश यादव ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से समाज में नई ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य किरण संतोष यादव, राजप्रमुख तुमेश यादव, भरत यादव जपं सदस्य बिल्हा एवं बरतोरी राज के अध्यक्ष भरत यादव,उपाध्यक्ष जगत यादव, सचिव रमेश यादव आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए महासचिव छग.यादव ठेठवार महासभा भाटापारा के संतोष यादव एवं कोषाध्यक्ष ठेठवार यादव समाज बरतोरी राज के लकेश यादव ने कंहा की समाज से व्यक्ति का सम्पूर्ण विकास हो सकता है, इसलिए समाज के हर क्रिया कलापों से व्यक्ति जुड़कर काम करें।

## राजमहल परिसर पेण्ड्रा में सतगढ़ महासम्मेलन

# महासम्मेलन में राज परिवार ने दिया एकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

- विभिन्न प्रतियोगिताओं के बाद विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया गया

छत्तीसगढ़ राज्य के 36 गढ़ों में से 7 गढ़ों का 3 दिवसीय सतगढ़ महासम्मेलन 23 से 25 दिसम्बर तक राजमहल परिसर पेण्ड्रा हुआ। सम्मेलन में रियासत कालीन दौर के 7 गढ़ों के राज परिवार के शामिल सदस्यों ने अपनी एकता का संदेश दिया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसके बाद विजेताओं को पुरस्कार वितरण के साथ रंगारंग कार्यक्रम का समापन हुआ।

उल्लेखनीय है कि रियासत कालीन दौर में पेण्ड्रा जमींदारी 7 गढ़ों का मुख्यालय था। उसी समय से परम्परा के अनुसार प्रतिवर्ष सतगढ़ महासम्मेलन आयोजित किया जाता है जिसमें सातों गढ़ और उनसे जुड़े हुए राज परिवार के सदस्य शामिल हुआ करते हैं। 3 दिवसीय कार्यक्रम में सम्मिलित होने कोरबा, चाम्पा, छुरी, उपरोड़ा, लाफागढ़, मातिन एवं करगी-केंदा जमींदारियों से प्रतिभागी पहुंचे हैं। साथ ही सभी 7 गढ़ से राज परिवार के सदस्य भी सम्मेलन में पहुंचे।





तीन दिवसीय सतगढ़ महासम्मेलन में क्रिकेट, बॉलीबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, रिले रेस जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन हुआ।

क्रिकेट के साथ ही सभी खेल एवं मंचीय कार्यक्रम का आयोजन राजमहल गढ़ी परिसर पेण्ड्रा में सम्पन्न हुआ। उक्त महासम्मेलन का आयोजन राजमहल पेण्ड्रा परिवार के द्वारा किया गया, जिसके संयोजक राजमाता सुशीला देवी सिंह एवं राजा उपेन्द्र बहादुर सिंह हैं।

रियासत काल में बड़ी जमींदारी होने के कारण पेण्ड्रा सतगढ़ का मुख्यालय था-बता दें कि रियासत काल में पेण्ड्रा बड़ी जमींदारी थी। सगे भाई दो योद्धा हिंदू सिंह और छिंदू सिंह तोमर की बहादुरी से प्रभावित होकर रतनपुर राजा ने 16 वीं शताब्दी में पेण्ड्रा जमींदारी की स्थापना करके दोनों योद्धाओं के माध्यम से पिंडरा वन क्षेत्र को पिंडारी लुटेरों के खौफ से मुक्त कराया था। दोनों योद्धाओं ने अपनी सेना के साथ सैकड़ों किलोमीटर के इस क्षेत्र से पिंडारी लुटेरों का सफाया कर दिया था। उसके बाद जमींदार का वंश बढ़ने के बाद इन्हीं के वंशजों ने मातिन, उपरोड़ा, केंदा-करगी जमींदारी की स्थापना की थी जिसे छत्तीसगढ़ में गढ़ की मान्यता भी मिली थी।

## नपं उपाध्यक्ष के इस्तीफे से कांग्रेस में हड़कंप



**मुंगेली/लोरमी।** राज्य में सत्ता में भाजपा आसीन होने बाद एक बार फिर नगर पंचायत चर्चा में है। भाजपा विधायक बनने के बाद यहाँ भी इसका असर देखने को मिल रहा है। जिला मुंगेली के लोरमी नगर पंचायत उपाध्यक्ष पद से अनुराग दास पिता स्व. अशोक कुमार दास वर्तमान में नगर पंचायत लोरमी के वार्ड क्र.3 महामाया वार्ड से पार्षद हैं।

उन्होंने नगर पंचायत उपाध्यक्ष पद से सीएमओ लालजी चन्द्राकर को लिखित ज्ञापन देकर इस्तीफा दिया है। कांग्रेस पार्षद अनुराग दास ने नगर पंचायत के उपाध्यक्ष पद से त्याग पत्र देकर अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करने निवेदन किया है, जिसकी प्रति उन्होंने मुंगेली कलेक्टर को दी है। त्याग पत्र देने की वजह घरेलू कारण बताया जा रहा है। गौरतलब है,की नगर पंचायत अध्यक्ष अंकिता रवि शुक्ला के भाजपा प्रवेश आचार संहिता के दौरान चुनाव प्रचार के समय केन्दीय मंत्री मनसुख मांडविया के समक्ष विधायक धर्मजीत के सामने भाजपा प्रवेश किए थे, अब भाजपा के पार्षदो की संख्या आठ हो गई है।

निश्चित रूप से भाजपा का उपाध्यक्ष तय माना जा रहा है। आगे की प्रकिया के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। सीएमओ लालजी चन्द्राकर ने कहा कि अनुराग दास द्वारा उपाध्यक्ष पद से त्याग पत्र का आवेदन दिया है, आगे की कार्रवाई के लिए कलेक्टर को पत्र प्रेषित किया जाएगा।